वर्ष 24, अंक 250, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 20 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## ऊर्जा संरचनाओं पर ईरानी हमलों से भड़का भारत

### विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- यह अस्वीकार्य है



**नई दिल्ली**

भारतीय विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक ब्रीफिंग में वैश्विक घटनाक्रम, ऊर्जा सुरक्षा, विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की स्थिति और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए भारत की नीतियों और प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया।

सबसे पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा पकड़े गए छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिक के मामले पर प्रवक्ता ने कहा कि यह एक कानूनी विषय है और इसकी जांच जारी है। उन्होंने बताया कि भारत में कुछ क्षेत्र प्रतिबंधित और संरक्षित होते हैं जहां यात्रा के लिए विशेष अनुमति की आवश्यकता होती है। संबंधित व्यक्तियों के पास यह अनुमति थी या नहीं, यह अब न्यायालय में स्पष्ट होगा। साथ ही, भारत ने संबंधित देशों के साथ दूतावास स्तर पर संपर्क बनाए रखा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग पर भी प्रकाश डाला गया। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच एक कार्य समूह बना हुआ है जो इस साझा चुनौती से निपटने के लिए संस्थागत संवाद का माध्यम है। पाकिस्तान के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उसकी गतिविधियां वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय हैं और वह कई देशों के लिए खतरा बना हुआ है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हॉर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री गतिविधियों पर असर के बीच भारतीय नाविकों की स्थिति पर भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि भारत के पास दुनिया के सबसे बड़े नाविक समुदायों में से एक है और वर्तमान में 22 जहाजों पर 611 भारतीय नाविक कार्यरत हैं। कई नाविक सुरक्षित लौट आए हैं, जिनमें घायल 15 नाविक भी शामिल हैं।

सरकार लगातार कंपनियों के संपर्क में है ताकि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

ऊर्जा आपूर्ति पर संकट के बारे में प्रवक्ता ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हाल के हमलों और जलडमरूमध्य के बंद होने से गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। भारत विभिन्न देशों और संबंधित पक्षों के साथ बातचीत कर रहा है ताकि ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सके और आपूर्ति बाधित न हो। साथ ही घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है।

## दिल्ली में मौसम का यू-टर्न, तेज आंधी के साथ हुई बारिश तो गर्मी से मिली राहत



**नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में गुरुवार एक बार फिर मौसम ने करवट ली है, जिससे लोगों को चिल-चिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिली है. दिल्ली में तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश ने पूरे शहर का मिजाज ठंडा कर दिया. हल्की से मध्यम बारिश के बीच कई इलाकों में ट्रैफिक की रफ्तार भी धीमी पड़ गई. साथ ही खराब मौसम की वजह से 22 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा.

पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम का यह बदलाव देखने को मिला. बारिश के साथ तेज हवाओं ने ज्यादा प्रभाव डाला. करीब 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने कई जगह लोगों को असहज कर दिया. धूल भरी आंधी ने भी दृश्यता कम कर दी और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

मौसम विभाग का अलर्ट, दो दिन और ऐसा ही रहेगा हाल

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों को लेकर भी चेतावनी जारी की है. 19 और 20 मार्च तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना जताई गई है. येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. खासतौर पर तेज हवा और आंधी के दौरान खुले स्थानों से दूर रहने को कहा गया है. खराब मौसम का असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा और 22 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा.

दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में दर्ज हुई अलग-अलग बारिश

राजधानी के विभिन्न हिस्सों में बारिश का स्तर अलग-अलग रहा. सफदरजंग और लोधी रोड में 8.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि रिज इलाके में 8.6 मिमी बारिश हुई।

## राम-राज्य के आदर्शों से ही बनेगा विकसित राष्ट्र- मुर्मू



**अयोध्या**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम यंत्र स्थापित किया और वैदिक मंत्रों के बीच प्रार्थना की, जो मंदिर निर्माण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री राम यंत्र को मंदिर की दूसरी मंजिल पर स्थापित किया गया है, जो इसका अंतिम तल भी है और पूर्णता का प्रतीक है। इस स्थापना के साथ ही मंदिर का निर्माण पूरा माना जाता है। धार्मिक अनुष्ठान दक्षिण भारत, काशी और अयोध्या के वैदिक विद्वानों द्वारा पुरोहित गणेश्वर शास्त्री के मार्गदर्शन में संपन्न किए गए।

इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में श्री राम यंत्र स्थापना कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने जिस अयोध्या नगरी में जन्म लिया उसकी पवित्र धूलि का स्पर्श प्राप्त करना ही मैं अपना परम सौभाग्य मानती हूं। स्वयं प्रभु श्रीराम ने अपनी इस जन्मभूमि को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ बताया था। उन्होंने कहा कि इस परम पवित्र श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का भूमिपूजन, यहां रामलला के दिव्य विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा, राम दरबार का भक्तजनों के लिए खोला जाना तथा मंदिर के शिखर पर धर्म-ध्वजारोहण की तिथियां हमारे इतिहास और संस्कृति की स्वर्णिम तिथियां हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम सभी एक समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से वर्ष 2047 या शायद उससे पहले ही हम उन लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। राम-राज्य के आदर्शों पर चलते हुए हम सब नैतिकता और धर्माचरण पर आधारित राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे। मैं चाहूंगी कि हमारे सभी देशवासी हृदघट-घट व्यापी रामह्ल के पवित्र भक्ति-भाव के साथ एकात्म होकर आगे बढ़ें। हमारे देश का पुनर्जागरण आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक, इन सभी आयामों पर हो रहा है। देव-भक्ति और देश-भक्ति, दोनों का मार्ग एक ही है।

अयोध्या पहुंचने पर राष्ट्रपति का स्वागत उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने किया। अपनी यात्रा के हिस्से के रूप में, राष्ट्रपति मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले लगभग 400 श्रमिकों को सम्मानित भी करेंगी।

वह परिसर के बाहरी हिस्से में स्थित एक मंदिर पर ध्वजारोहण भी करेंगी, जिसे परकोटा के नाम से जाना जाता है। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए पूरे शहर में व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर की ओर जाने वाली सड़कों को भगवा झंडों और बैनरों से सजाया गया है, जिससे उत्सवपूर्ण और भक्तिमय वातावरण का निर्माण हुआ है।

## सोनभद्र में कफ सिरप तस्करी के बड़े नेटवर्क का पदार्फाश, कोलकाता से जुबैर शेख गिरफ्तार

**सोनभद्र**

**सोनभद्र** पुलिस ने अंतरराज्यीय 'कोडीन कफ सिरप' तस्करी के एक बड़े सिंडिकेट का पदार्फाश करते हुए अहम कामयाबी हासिल की है. पुलिस ने यूपी से लेकर बांग्लादेश बॉर्डर तक अवैध कफ सिरप की सप्लाई चेन संभालने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य जुबैर शेख को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है. उसे ट्रांजिट रिमांड पर सोनभद्र लाया गया है, जहां उससे गहन पूछताछ जारी है.

इस पूरे अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेटवर्क की जड़ें पिछले साल सोनभद्र के चुर्क मोड़ पर की गई एक संयुक्त कार्रवाई से जुड़ी हैं. पुलिस और आबकारी टीम ने एक ट्रक पकड़ा था, जिसमें चावल और अन्य सामान की आड़ में भारी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप छिपाकर ले जाया जा रहा था. जांच में सामने आया कि यह कोई सामान्य मामला नहीं है, बल्कि 'शुभम जायसवाल सिंडिकेट' द्वारा संचालित एक संगठित अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क है, जिसमें जुबैर शेख की भूमिका बेहद अहम थी।

## कर्नाटक में सीएम पद पर सियासी भूचाल?

### उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री बनने की इच्छा रखना गलत नहीं



**कर्नाटक**

**कर्नाटक** के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को राज्य में आगामी मंत्रिमंडल फेरबदल का संकेत दिया और कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा मंत्री या मुख्यमंत्री पद की आकांक्षा रखने में कुछ भी गलत नहीं है। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि जब हमारे मुख्यमंत्री ने कहा है कि मंत्रिमंडल में फेरबदल होने वाला है, तो स्वाभाविक रूप से हर कोई मंत्री या मुख्यमंत्री बनना चाहेगा। वे कोशिश कर सकते हैं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

संभावित फेरबदल ऐसे समय में हो रहा है जब कांग्रेस सरकार आंतरिक तनाव का सामना कर रही है, विशेष रूप से शिवकुमार के समर्थकों की ओर से, जो 2023 के "सत्ता-साझाकरण समझौते" का हवाला देते हुए उन्हें शेष दो साल से अधिक के कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री नियुक्त करने की मांग कर रहे हैं। इस नेतृत्व संघर्ष के कारण मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच तनाव को बढ़ने से रोकने के उद्देश्य से कई बैठकें हुई हैं। दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया है कि पार्टी उच्च कमान इस मामले पर निर्णय लेगी।

## 13वीं मंजिल से कूदकर बेटे ने की खुदकुशी, बंद फ्लैट में कंबल में लिपटा मिला मां का शव

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के गाजियाबाद स्थित थाना कवि नगर क्षेत्र की 'महागुनपुरम हाईराइज सोसाइटी' में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक 40 वर्षीय शख्स ने 13वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली. मामले में सनसनी तब फैल गई, जब पुलिस ने जांच के लिए उसके फ्लैट का दरवाजा खोला. अंदर मृतक की 70 वर्षीय बुजुर्ग मां का शव भी कंबल में लिपटा हुआ बरामद हुआ, जो कथित तौर पर कई दिन पुराना लग रहा है.

फ्लैट का दरवाजा खुला तो उड़े पुलिस के होश

जानकारी के मुताबिक, 40 वर्षीय राजवीर अपनी 70 साल की मां सतनाम के साथ सोसाइटी के ग्राउंड फ्लोर स्थित फ्लैट नंबर 28 में रहता था. गुरुवार (19 मार्च) दोपहर राजवीर ने अचानक सोसाइटी की 13वीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी. स्थानीय निवासियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. जब पुलिस ने ग्राउंड फ्लोर पर राजवीर का फ्लैट खुलवाया, तो वहां मां सतनाम मृत अवस्था में मिलीं।

## बीजेपी के इशारे पर काम कर रहा ईसी- ममता बनर्जी



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनावों से पहले बंगाल को अनुचित रूप से निशाना बनाए जाने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव अधिसूचना जारी होने से पहले ही शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों सहित 50 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को मनमाने ढंग से हटा दिया गया है। बनर्जी ने इस कदम को "राजनीतिक हस्तक्षेप" करार दिया और चेतावनी दी कि इस तरह की कार्रवाइयां संस्थागत निष्पक्षता को कमजोर करती हैं और राज्य में चुनावों के संचालन को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं।

भाजपा ने 'तुष्टीकरण की राजनीति' के आरोपों पर टीएमसी और वामपंथियों को निशाना बनाया

अपने हमले को जारी रखते हुए, पॉल ने टीएमसी और वामपंथियों दोनों की आलोचना करते हुए उन पर तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन प्रयासों के बावजूद, अल्पसंख्यक समुदायों को कोई वास्तविक विकास नहीं मिला, बल्कि उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। ये टिप्पणियां चुनावों से पहले पार्टियों के बीच बढ़ते जुबानी जंग को और हवा देती हैं।

भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया के लिए डेटा प्रबंधन अधिकारियों की मांग की थी, लेकिन ममता बनर्जी सरकार ने सहयोग करने से इनकार कर दिया। उन्होंने दावा किया कि इस कदम से राज्य में चुनावी तैयारियों में बाधा उत्पन्न हुई। पॉल की ये टिप्पणियां पश्चिम बंगाल में चुनाव संचालन और प्रशासनिक निर्णयों को लेकर चल रही राजनीतिक खींचतान के बीच आई हैं।

ममता बनर्जी ने संस्थागत पक्षपात का मुद्दा उठाया और प्रशासन को अस्थिर करने का आरोप लगाया

बनर्जी ने आगे आरोप लगाया कि सूचना एवं संचार ब्यूरो (आईबी), एसटीएफ और सीआईडी जैसी प्रमुख एजेंसियों को चुनिंदा तबादलों के जरिए कमजोर किया जा रहा है, जिसे उन्होंने राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था को पंगु बनाने का जानबूझकर किया गया प्रयास बताया।

## सामान्य रहेगी एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई



**नई दिल्ली**

**पेट्रोलियम** और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि देश में कोई भी एलपीजी वितरक फिलहाल आपूर्ति की कमी की स्थिति का सामना नहीं कर रहा है, घरेलू आपूर्ति और सिलेंडर वितरण निर्धारित समय पर जारी हैं। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में बोलते हुए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि हालांकि समग्र क्षेत्रीय स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, लेकिन घरेलू उपभोक्ता सेवाएं स्थिर और निर्बाध बनी हुई हैं।

शर्मा ने कहा कि एलपीजी के मुद्दे पर, मैं फिर से दोहराना चाहूंगा कि स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। हालांकि, फिलहाल किसी भी एलपीजी वितरक को कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा है... सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की आपूर्ति और सिलेंडर वितरण सामान्य रूप से जारी है। मंत्रालय ने डिजिटल बदलावों में महत्वपूर्ण प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 94 प्रतिशत सिलेंडर बुकिंग अब ऑनलाइन की जा रही हैं।

## भारतीय शेयर बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 2,496 अंक टूटा

## निवेशकों के 12 लाख करोड़ हुए स्वाहा



**नई दिल्ली।** **भारतीय** शेयर बाजार के लिए गुरुवार का दिन बहुत ही खराब रहा। वैश्विक बाजारों से मिले खराब संकेतों और बड़ी बिकवाली के चलते बाजार ताश के पत्तों की तरह ढह गया। पिछले तीन सेशन से जारी रिकवरी आज पूरी तरह धुल गई। सेंसेक्स करीब 2,496 अंक या 3.26%% टूटकर 74,207.24 के निचले स्तर तक चला गया। वहीं, निफ्टी 50 भी 775.65 अंकों की भारी गिरावट दर्ज की और 23,002.15 के लेवल पर बंद हुआ। आज के कारोबारी सेशन में निवेशकों के करीब 12 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। बाजार में गिरावट की वजह?

लत्र्क्ष बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे की खबर ने बैंकिंग सेक्टर में डर का माहौल बना दिया। आखिरी सेशन तक बैंक के शेयर करीब 3.39% तक टूटकर 53,451.00 लो लेवल पर आ गए। अमेरिकी फेड ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया और महंगाई को लेकर चिंता जताई, जिससे वैश्विक निवेशकों ने भारतीय इक्विटी से पैसा निकालना शुरू कर दिया। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच ब्रेंट क्रूड की बढ़ती कीमतों ने भारतीय इकोनॉमी और मार्केट सेंटिमेंट पर असर डाला।

## कोटा में दर्दनाक हादसा!

### पुल से 30 फीट नीचे गिरी कार, लेह-लद्दाख से लौट रहे 3 दोस्तों की मौके पर मौत




**कोटा**

**महाराष्ट्र** के पिंपरी-चिंचवड से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है. पर्यटन का आनंद लेकर घर लौट रहे तीन युवा दोस्तों की राजस्थान के कोटा जिले में एक भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई.

यह हादसा बुधवार (18 मार्च) को दिल्ली-मुंबई राजमार्ग पर हुआ, जब उनकी कार अनियंत्रित होकर पुल से करीब 30 फीट नीचे गिर गई. इस हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे उनके परिवारों और इलाके में शोक की लहर फैल गई है. ये सभी युवा हाल ही में लेह-लद्दाख और जम्मू-कश्मीर की लंबी यात्रा से लौट रहे थे. फरवरी के आखिरी सप्ताह में तीन कारों से निकले इस ग्रुप ने अपनी यात्रा पूरी कर ली थी और घर वापस आ रहे थे, लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया.

मृतकों के नाम और हादसे की जानकारी

इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान इस प्रकार हुई है–

कुणाल किरण चोरडिया (21, चिंचवडगांव)

मयूरेश पांडुरंग पाडाले (21, म्हालुंगे पाडाले, मुल्शी)

सिद्धांत रमेश आल्हाट (21, वाकड)

पुलिस के अनुसार, यह हादसा कोटा जिले के कैथून थाना क्षेत्र में कराडिया से बालापुरा इंटरचेंज के बीच हुआं.

कैथून पुलिस स्टेशन के अधिकारी मनोज सिंह सिकरवार ने बताया कि कार अचानक अनियंत्रित हो गई और पुल से नीचे गिर गई।

# यमुनापार को अलग जिला बनाने हेतु सांसद उज्जवल रमण को सौंपा ज्ञापन

## युवा नेता अजय कुशवाहा कोरांव आगमन पर सांसद से की मांग

अखंड भारत संदेश



**पसना।** प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र को अलग जिला बनाने की मांग एक बार फिर उठी है। जन अधिकार पार्टी के युवा नेता और भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी अजय कुशवाहा ने अपने कार्यकताओं के साथ सांसद उज्जवल रमण से मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सांसद से इस मुद्दे को संसद में उठाने की अपील की।

यमुनापार क्षेत्र की कोरांव और बारा तहसील का अधिकांश हिस्सा प्रयागराज जिला मुख्यालय से काफी दूर स्थित है। यहां के निवासियों को जिला न्यायालय, अस्पताल और व्यवसाय जैसे रोजमर्रा के कार्यों के लिए प्रतिदिन जिला मुख्यालय आना-जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी असुविधा होती है।

बड़ोखर और शंकरगढ़ क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा मध्य प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है। इस इलाके के कई गांवों की दूरी जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर से भी अधिक है, जिससे लोगों को लंबी यात्रा करनी पड़ती है।

यह पहली बार नहीं है जब यमुनापार को अलग जिला बनाने की मांग की गई है। पूर्व में भी कई संगठनों द्वारा इस क्षेत्र को एक अलग प्रशासनिक जिला घोषित करने की मांग उठाई जा चुकी है।

सांसद उज्जवल रमण के कोरांव आगमन पर, क्षेत्रीय युवा नेता अजय कुशवाहा ने अपने कार्यकताओं के साथ उनसे मुलाकात की। उन्होंने सांसद से यमुनापार को अलग प्रशासनिक जिला बनाने के लिए संसद में आवाज उठाने और इस दिशा में पहल करने का आग्रह किया। अजय कुशवाहा वार्ड 80 से जिला पंचायत प्रत्याशी भी हैं।

ज्ञापन सौंपने वालों में अजय कुशवाहा के साथ एडवोकेट अम्बिका पाल, एडवोकेट शहादत अली, समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट ओम प्रकाश कुशवाहा, पूर्व प्रधान एडवोकेट अशोक कुशवाहा और एडवोकेट आनंद बिंद सहित कई अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

# नवरात्र के पहले दिन उमड़ी आस्था, गंगाघाटों व मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़





घटवा स्थित विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन-पूजन करते श्रद्धालु व मनइया घाट पर स्नान को जुटे श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन गुरुवार को क्षेत्र में भक्ति और आस्था का उल्लास चरम पर रहा। सुबह से ही मनुघाट, मनैया और डीहा गंगाघाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने गंगा स्नान कर दान-पुण्य किया और मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और स्वास्थ्य की कामना की। दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए।

घरों में विधि-विधान के साथ कलश स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने व्रत रखकर परिवार के कल्याण की प्रार्थना की। वहीं करछना क्षेत्र के प्रमुख देवी मंदिरों - मां काली मंदिर, नारायणी धाम नरैना, बौलिया देवी भुंडा, मां विंध्यवासिनी मंदिर, शीतला धाम हिंदूपुर, प्राचीन शीतला धाम रामगढ़ और मंशा देवी संजई में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

मंदिर परिसरों में घंटा-घड़ियाल, शंखनाद, भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन-पूजन किया। भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे कहीं कोई अव्यवस्था न हो।

# सपा जिला उपाध्यक्ष रणजीत सोनकर ने की अपील

### 2027 में अखिलेश सरकार बनाकर मूलभूत समस्याएं दूर करें

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय के प्रबंधक रणजीत सोनकर ने 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सरकार बनाने की अपील की है। उन्होंने एक वार्ता के दौरान यह बात कही।

सोनकर ने दावा किया कि प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, जबकि सरकार रात में सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती है। उन्होंने भाजपा के 'सबका साथ, सबका विश्वास' नारे पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने किसी को भी विश्वास में नहीं लिया।

उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड तोड़ने का आरोप लगाया। सोनकर ने यह भी कहा कि सरकार का 'गड्ढा मुक्त सड़कों' का दावा पूरी तरह विफल साबित हुआ है। जिला उपाध्यक्ष ने बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों से जनता की परेशानी का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस सिलेंडरों की किल्लत के बावजूद सरकार इस समस्या को नजरअंदाज कर रही है। रणजीत सोनकर ने क्षेत्र की जनता से आगामी चुनाव में एक बार फिर अखिलेश यादव की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं को दूर किया जा सकेगा।

# मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह एवं पूर्व आईएएस डॉ. आर. एस. वर्मा की उपस्थिति में भव्य रोजगार मेला एवं एलुमनी मीट सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गुरुवार को विकास भवन के सरस सभागार में दिव्यांग सशक्तिकरण एवं आजीविका मिशन के क्षेत्र में कार्यरत TRRAIN Trust द्वारा एलुमनी मीट एवं रोजगार मेला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज हर्षिका सिंह रहीं तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. आर. एस. वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि का स्वागत रुमाना परवीन द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया तथा TRRAIN Trust के क्षेत्रीय प्रबंधक सागर लिटिल द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं विपिन कुमार कुशवाहा द्वारा विशिष्ट अतिथि डॉ. आर. एस. वर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं, आवश्यकता है सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास की। विशिष्ट अतिथि डॉ. आर. एस. वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब दिव्यांगजन नोबेल पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं और अरुणिमा सिन्हा जैसे उदाहरण माउंट एवरेस्ट को फतह कर सकते हैं, तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है।कार्यक्रम में सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी बृजेश मौर्य, अपराध निरोधक समिति के सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक संतोष कुमार श्रीवास्तव, मोहम्मद फुरकान, TRRAIN Trust के क्षेत्रीय प्रबंधक सागर लिटिल एवं विपिन कुमार कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

TRRAIN Trust के क्षेत्रीय प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा दिव्यांग युवाओं को ह्लपंख प्रोजेक्टह्व के माध्यम से 45 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण उपरांत युवाओं को रिटेल सेक्टर में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर Amazon, BigBasket, Blinkit, PSN Pvt. Ltd., Cyfuture Pvt. Ltd. सहित अन्य कॉर्पोरेट सेक्टर की कंपनियों के प्रतिनिधि रोजगार हेतु साक्षात्कार (जॉब प्लेसमेंट) के लिए उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रयागराज अशोक कुमार गौतम ने प्रमाणपत्र वितरण किये तथा एक प्रशिक्षु को कान की मशीन भी प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शोध छात्र संजय यादव द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विपिन कुमार कुशवाहा द्वारा किया गया। TRRAIN Trust के बारे में विस्तृत जानकारी www.trrain.org पर प्राप्त की जा सकती है।

# शंकरगढ़ में आज सजेगा रंग,रस और राग का महाकुंभ-होली मिलन में कवियों की गूंज और कलाकारों का होगा धमाल

अखंड भारत संदेश




**शंकरगढ़।** होली के रंग इस बार शंकरगढ़ में सिर्फ अबीर-गुलाल तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि मंच पर कविता, संगीत और सम्मान का भव्य संगम देखने को मिलेगा। नगरवासियों के तत्वावधान में 20 मार्च(शुक्रवार) को केसरवानी धर्मशाला शंकरगढ़ में आयोजित होने जा रहा होली मिलन एवं सम्मान समारोह इस बार खास और यादगार बनने जा रहा है।

कार्यक्रम की थीम होली के रंग, कवियों के संग रखी गई है, जो इस आयोजन को सांस्कृतिक ऊंचाइयों तक ले जाने का संकेत दे रही है। दूर-दराज से आने वाले व्यापारी, कवि और कलाकार इस आयोजन में अपनी प्रस्तुति देकर माहौल को रंगीन बनाएंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4 बजे कवि सम्मेलन से होगा, जहां हास्य, व्यंग्य और श्रृंगार रस की कविताएं श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। इसके बाद 5 बजे से 7 बजे तक मंच संबोधन और अतिथियों के विचार होंगे। 7 बजे से 8 बजे तक सम्मान समारोह में विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक जवाबी कीर्तन का आयोजन होगा, जो भक्ति और लोकसंस्कृति का अनूठा संगम पेश करेगा। कार्यक्रम के संयोजक सुरेश भाई (ओम शांति) ने बताया कि इस भव्य आयोजन में महिला कलाकार चेतना आजाद (गोंडा, बहराइच) और लोकप्रिय कलाकार राजू रंगीला (रायबरेली) अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेंगे। वही कवियों में डॉक्टर राजेंद्र शुक्ला, वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर, भक्त कवि अभिषेक द्विवेदी, मेजर अनुपम मिश्र, ठाकुर इलाहाबादी, जय अवस्थी और सुरेश केसरवानी अपनी रचनाओं से दर्शनों को गुदगुदाएंगे। कार्यक्रम के संरक्षक राजा महेंद्र प्रताप सिंह और अध्यक्षता ब्रह्मकुमारी दीदी मनोरमा जी करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर गणेश केसरवानी और विधायक बारा डॉ. वाचस्पति जी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष पनामा और सतीश केसरवानी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।आयोजन की कमान सुरेश भाई (ओम शांति) के हाथों में है।आयोजकों ने नगरवासियों और व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# श्रीराम राज्याभिषेक और राम राज की स्थापना का मार्मिक चित्रण

अखंड भारत संदेश




**जंघई।** वरुणेश्वर महादेव मंदिर बरना प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में अंतिम दिन कथा वाचक हरिप्रपप्नाचार्य महाराज ने श्रीराम के राज्याभिषेक और राम राज की स्थापना का कथा वाचन किया। श्रीराम की अयोध्या वापसी पर अयोध्यावासियों द्वारा किये गये स्वागत और राज्याभिषेक का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया। कथा वाचक ने समाज को महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि दूसरों की संपत्ति पर कभी बुरी नजर नहीं डालनी चाहिए, चाहे वह कितनी भी मूल्यवान क्यों न हो उन्होंने संगठित होकर किसी भी बड़ी समस्या का समाधान करने और बुराई व असत्य के अंत की ओर ध्यान देने का मार्गदर्शन दिया साथ ही, घमंड के विनाश और अच्छे कार्यों में सहयोग करने का आह्वान भी किया। कथा समापन के पश्चात गुरुवार को श्रद्धालु पूणार्हुति हवन के साथ भंडारा का आयोजन हुआ। श्रीराम कथा के आयोजन में शिव सेवा समिति के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे रहे, जिससे यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी गरुण पांडेय, मुख्य यजमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरभानपुर भुलेश्वर नाथ तिवारी, अवधेश त्रिपाठी अध्यापक, रामजी शुक्ल, आनंद तिवारी, दयाराम पांडेय, धर्मेंद्र शुक्ल, सुनील तिवारी, दिनेश तिवारी, अवधेश मिश्र, गुड्डू पांडेय, विवेक गिरी, बाबुल दुबे शिवराम बिंद, गौरी शंकर शुक्ल, बनारसी शुक्ल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अवैध संबंध के शक में पति ने की पत्नी की निर्मम हत्या, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र अंतर्गत पट्टी छींट गांव में मंगलवार/बुधवार की रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक पति ने अवैध संबंध के शक में अपनी ही पत्नी की बेरहमी से निर्मम हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पति शैलेश कुमार मौके से फरार हो गया था। परंतु पुलिस की तत्परता के चलते उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने हत्या के बाद सबूत मिटाने की कोशिश की थी। हालांकि पुलिस ने सख्ती से पूछताछ कर उसे घटनास्थल पर ले जाकर उसकी निशानदेही पर घर के पास स्थित सरसों के खेत से हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतका संगीता देवी का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बाद में शव को लीलापुर घाट ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतका के बच्चे गहरे सदमे में होने के कारण अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके। मृतका के भाई संतोष कुमार ने बताया कि वे बच्चों को अपने साथ ननिहाल ले जाना चाहते थे, लेकिन वे अभी मानसिक रूप से बेहद आहत और डरे हुए हैं, इसलिए फिलहाल गांव में ही रहने का निर्णय लिया गया है। बच्चों की देखभाल उनकी बड़ी मां सुषमा देवी कर रही हैं, जिनके साथ वे पट्टी छींट गांव में ही दूसरे मकान में रह रहे हैं।

बताया गया कि मृतका का ससुराल फूलपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर उर्फ बाबूपुर गांव में है। इस हृदयविदारक घटना से मायके और ससुराल, दोनों पक्षों में गहरा शोक व्याप्त है।

थानाध्यक्ष सराय इनायत संजय गुप्ता ने बताया कि आरोपी पति शैलेश की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल बरामद कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गुरुवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# मिशन शक्ति 5.0 नारी शक्ति का नया आयाम उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा का नया अध्याय



**जंघई।** गंगानगर जोन कमिश्नरेट प्रयागराज के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति 5.0 के तहत श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में गुरुवार को गंगानगर जोन के समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों/मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताकर जागरुक किया गया। टीम द्वारा बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के सम्बंध में जानकारी देकर जागरुक किया गया एवं सोशल मीडिया को सावधानी पूर्वक प्रयोग करने के लिये भी सुझाव दिया गया। किसी भी शोहदों द्वारा परेशान करने पर तत्काल डायल-112 अथवा मिशन शक्ति टीम से शिकायत करने करने को बताया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे पुलिस आपात सेवा-112, वूमेन पावरलाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, सीएम हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 व मिशन शक्ति केन्द्र आदि के बारें में जानकारी देकर जागरुक किया गया तथा पम्पलेट वितरित किया गया।

## न्यूज झरोखा

### नवरात्रि के पहले दिन से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**पसना।** चैत्र नवरात्रि का पर्व बुधवार, 19 मार्च से शुरू हो गया है। यह 27 मार्च तक चलेगा। नवरात्रि के पहले दिन से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कोरांव तहसील के पसना क्षेत्र में स्थित आदिशक्ति देवी धाम न्याय चबूतरा पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। पसना क्षेत्र में श्रद्धालु नौ दिनों तक मां की भक्ति में लीन रहेंगे। सुबह से ही क्षेत्र की सड़कों पर सिरसा गंगाघाट (20 किमी दूर) पर गंगा स्नान के लिए निजी और सवारी वाहनों से जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। स्नान के बाद महिलाएं प्रसाद सामग्री लेकर देवी मां की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों की ओर निकल रही थी। आदिशक्ति धाम पहुंचे डॉ. श्याम लाल पाल ने बताया कि वह अपने परिवार की सभी महिलाओं के साथ मां की पूजा-अर्चना के लिए आए हैं। उन्होंने नववर्ष के अवसर पर मां से सभी के कल्याण की कामना की। मंदिर के पुजारी राधिका प्रसाद और मुख्य कर्ताधर्ता रामलाल जी ने बताया कि अब पूरे नवरात्रि में मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से गुलजार रहेगा। उन्होंने कहा कि भक्तों की भीड़ से आसपास का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो रहा है। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि को नई ऊर्जा, आस्था और नव वर्ष की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों - शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना का विधान है। मान्यता है कि इन्हीं नौ दिनों में सृष्टि का सृजन हुआ था, और सच्चे मन से की गई पूजा से जीवन में सुख-समृद्धि, शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है।

### कोरांव थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव अंतर्गत आज दिनांक 19 मार्च सन 2026 को अलविदा कि अंतिम नमाज एवं ईद उल फितर की नमाज एवं नवरात्र के पर्व को सब कुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला अपराध निरोधक कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य गणको थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार वर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई । पुलिस बल के साथ डी सी पी सी वॉलिंटियर जिसमें थाना कमेटी प्रभारी नरेंद्र देव मिश्र सह थाना कमेटी प्रभारी मोहम्मद असलम संयुक्त सचिव संगम लाल जायसवाल क्षेत्रीय प्रभारी संतोष कुमार जायसवाल राजेश कुमार रागनी मिश्रा राकेश कुमार केसरी विवेक कुमार चिरौंजी लाल कृष्ण लाल एस आई गिरीश चंद्र राय एस आई मोनीस आलम एस आई सेवा लाल कांस्टेबल आशीष कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

### नवोदय विद्यालय के लिए चयनित छात्रा का विद्यालय में हुआ अभिनन्दन



**मांडा।** नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु चयनित छात्रा का विद्यालय के प्रबंध तंत्र ने एक कार्यक्रम आयोजित कर अभिनंदन किया। गुरुवार को यमयल विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल बघौरा खवासान मांडा में प्रबंधक मनोज कुमार कुशवाहा द्वारा आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पत्रकार दीन दयाल द्विवेदी व मेजा बार एसोसिएशन के मंत्री अतुल वैभव द्विवेदी ने संबंधित छात्रा अदित्री मौर्या पुत्री सूबेदार को प्रशस्तिपत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार द्विवेदी, प्रवक्ता शशि भूषण द्विवेदी,छात्रा की मां दुर्गावती देवी मौर्या, विद्यालय के अध्यापक यतीश मिश्रा, मनोज कुमार सहित अन्य शिक्षक, अध्यापिकाएं और अन्य कर्मचारी व अभिभावक मौजूद रहे।

### अनियंत्रित वाहन ने जोरदार मारी टक्कर बाइक चालक ग्राम विकास अधिकारी की मौत



**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के राजापुर कर्णावती नदी के समीप विन्ध्येश्वरी गैस एजेंसी के पास बेकाबू अनियंत्रित वाहन के टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी। गौरतलब हो कि गैस एजेंसी में केवाइसी कार्य के लिए आ रहे 47 वर्षीय अरुण प्रकाश शुक्ला निवासी पट्टी बघौरा थाना विंध्याचल , जनपद मिजार्पुर की अनियंत्रित वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और उसके बाद उनके ऊपर? चक्का चढ़ गया तुरन्त लोगों ने पुलिस को सूचना दी और आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडा लाया गया,लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो मौके पर छोटे भाई एवं पिता मांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और स्वजनों में कोहराम मच गया। अरुण प्रकाश शुक्ला ग्राम सचिव पद? पर जमालपुर विकास खंड में तैनात थे एवं विन्ध्येश्वरी गैस एजेंसी में वह अपना केवाइसी कराने आ रहे थे। वही पुलिस ने शव को? कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जब इसकी जानकारी उनके पत्नी संध्या देवी,बेटा यश और बेटी शुभांगी व श्रेया को हुई तो उनका रो-रोकर बुरा हाल है मृतक के बच्चे नैनी में रहकर पढ़ाई करते हैं। मृतक के पिता रमा शंकर शुक्ला पुत्र स्व शिव नाथ शुक्ला के तहरीर पर अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों को लेकर सख्ती, डीएम ने दिए कड़े निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026) की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक संगम सभागार में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और अभियान की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ. आलोक द्वारा प्रस्तुत अक्टूबर 2025 के आंकड़ों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि आगामी अभियान में प्रत्येक विभाग की उपलब्धि राज्य औसत से अधिक होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से आईसीडीएस विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि पिछले अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और आशा कार्यकर्त्रियों का संयुक्त गृह भ्रमण राज्य औसत से काफी कम रहा, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आईसीडीएस विभाग के सीडीपीओ ने सुझाव दिया कि आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्त्रियों के संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि दोनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके और दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर प्रभावी कार्य किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बताते हुए, जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी संकेतकों में प्रदर्शन राज्य औसत से बेहतर रहे। इसके लिए आशा कार्यकर्त्रियों का नियमित संवेदीकरण और उनकी फील्ड गतिविधियों में सुधार जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विभागों का मूल्यांकन थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग डाटा के आधार पर किया जाएगा। बैठक में नगर निगम, पंचायती राज और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि संचारी रोगों, विशेषकर स्क्रब टायफस के मामलों की सूचना मिलने पर 24 घंटे के भीतर सभी आवश्यक रोकथाम की कार्यवाई पूरी की जाए।

अभियान के सफल संचालन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एडीएम फाइनेंस, जिला मलेरिया अधिकारी सहित सभी विभागों के नोडल अधिकारी, यूनिसेफ और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नवरात्रि का शुभारंभ : अलोप शंकरी मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, मां शैलपुत्री का हुआ विशेष श्रृंगार

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को शहर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। संगम क्षेत्र के निकट स्थित अलोप शंकरी देवी मंदिर में सुबह से ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने मां शैलपुत्री के स्वरूप का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिर के कपाट ब्रह्ममुहूर्त में खोल दिए गए थे। तड़के चार बजे से ही जय माता दी के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। अलोपीबाग क्षेत्र में मंदिर मार्ग पर श्रद्धालुओं की कई किलोमीटर लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालु नारियल, चुनरी और प्रसाद के साथ अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। इस मंदिर की विशेषता यह है कि यहां देवी की प्रतिमा नहीं है। मान्यता के अनुसार, माता सती के अंगों के विखंडन के दौरान यहां उनका दाहिना हाथ अलोप हो गया था। इसी कारण यहां प्रतीक रूप में पालने की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन पालने को फूलों, आभूषणों और सुगंधित द्रव्यों से सजाया गया। भक्तों ने पालने के नीचे स्थित कुंड में जल अर्पित कर मां से मनोकामनाएं मांगीं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, नवरात्रि के दौरान यहां दर्शन करने से भक्तों के कष्ट दूर हो जाते हैं। यही वजह है कि हर वर्ष इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में बैरिकेडिंग कर कतारों को व्यवस्थित किया गया है। पुलिस बल के साथ महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। इसके अलावा, पूरे क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था भी नगर निगम की ओर से की गई है।

## न्यूज झरोखा

### सहसों में कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सहसों।** नव संवत्सर 2083 एवं वासंतिक नवरात्रि के प्रथम दिन क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। सनातन धर्म के अनुयायियों ने प्रातःकाल स्नानादि के बाद घरों और मंदिरों में विधि-विधान से साफ-सफाई कर आचार्य विद्वानों के मार्गदर्शन में शुभ मुहूर्त में मां आदिशक्ति का आवाहन करते हुए कलश स्थापना की। इसके साथ ही मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप "मां शैलपुत्री" की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी गई और सुख-समृद्धि की कामना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आचार्य शिवम पांडे एवं आचार्य ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि सनातनी पंचांग के अनुसार गुरुवार से नव संवत्सर 2083 का शुभारंभ हुआ, जिसे साधना, आस्था और नए संकल्पों का प्रतीक माना जाता है। इसी दिन से नौ दिनों तक चलने वाले पावन नवरात्रि पर्व की शुरुआत भी होती है, जिसमें भक्तगण मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना करते हैं। क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों सहसों बाजार स्थित राम जानकी मंदिर, शीतला मंदिर, माता चौरा, चकिया घरहरा के मसूरियन माता मंदिर, अकेला माई मंदिर तथा चंदरपुर उर्फ बसमहुआ के ललचहां स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसके अलावा सिंगरामऊ, तिवारीपुर, जनवंधनपुर, महरौड़ा, कसेरुआ, मेड़ुआ और रामनगर सहित आसपास के गांवों के मंदिरों में भी भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में घंटा-घरियार और नगाड़ों की गूंज के बीच "जय माता दी" के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। वहीं घर-घर में भी श्रद्धालु नर-नारी विधिपूर्वक पूजन, अर्चन और उपासना कर मां जगदंबा की आरती उतारते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में नवरात्रि के प्रथम दिन से ही भक्ति और उल्लास का वातावरण बना हुआ है।

### करछना तहसील में गैस संकट गहराया, महीनों से सिलेंडर को तरस रहे उपभोक्ता

**करछना।** करछना तहसील के कौंधियारा व करछना विकासखंड में गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने से जनजीवन प्रभावित, उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ा। करछना तहसील अंतर्गत कौंधियारा और करछना विकासखंड में गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पहले ऑनलाइन बुकिंग के बाद सिलेंडर घर पहुंच जाता था, लेकिन अब उपभोक्ताओं को महीनों इंतजार करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एजेंसियों की लापरवाही और अव्यवस्थित वितरण प्रणाली से समस्या विकराल हो गई है। कई परिवार मजबूरी में लकड़ी व अन्य वैकल्पिक ईंधन का सहारा ले रहे हैं, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

### भीषण आग में गरीब किसान का आशियाना राख, अनाज समेत गृहस्थी खाक

**करछना।** करछना थाना क्षेत्र के निरीया ग्राम सभा में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में गरीब किसान का कच्चा खपरैल घर आग की भेंट चढ़ गया। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। निरीया गांव निवासी राम सजीवन पुत्र बबऊ, जो खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, के घर में करीब 2:30 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि काबू नहीं पाया जा सका। सूचना पर स्थानीय निवासी पवन यादव ने डायल 112 और अग्निशमन विभाग को सूचना दी, लेकिन तब तक घर पूरी तरह जल चुका था। आग में 20 बोरी गेहूं, 12 बोरी धान, चावल व अन्य जरूरी गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना मिलते ही करछना पुलिस व लेखपाल मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारतीय नववर्ष और चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ



**प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय में भारतीय नववर्ष के स्वागत में विशेष सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में पूजन का आयोजन हुआ जिसमें मां शैलपुत्री और विद्या की देवी मां सरस्वती की वंदना की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र तिवारी ने भारतीय काल गणना के वैज्ञानिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा केवल एक तिथि नहीं अपितु प्रकृति के नव श्रृंगार और हमारी गौरवशाली परंपराओं के पुनर्जागरण का प्रतीक है। विद्या मंदिर का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कारों से जोड़े रखना। अवसर पर विद्यालय ने नए शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन व छात्रों के सर्वांगीण विकास और अनुशासन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सभी आचार्य एवं आचार्या उपस्थित रहे।

# अस्पतालों में व्यवस्थाओं की परखी हकीकत

## एडीएम ने किया औचक निरीक्षण, कई खामियां मिलीं

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** शहर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाओं की स्थिति परखने के लिए गुरुवार को अपर जिलाधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को मिल रही सुविधाओं, साफ-सफाई और चिकित्सा सेवाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय का निरीक्षण किया। यहां पुरानी बिल्डिंग की लिफ्ट की समयावधि समाप्त पाई गई, जबकि नई बिल्डिंग में टीबी मरीजों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था नहीं होने से संक्रमण का खतरा बताया गया। एसटीपी प्लांट मडपंप न होने से बंद मिला। लांड्री में ऑटोमेटिक प्रेस मशीन खराब पाई गई और कुछ वाशिंग मशीनें निष्प्रयोज्य थीं। हालांकि साफ-सफाई संतोषजनक रही। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा ने मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय का निरीक्षण किया। यहां सभी डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद मिले और दवाओं का पर्याप्त स्टॉक पाया गया। हालांकि स्टाफ नर्स और फार्मासिस्ट की कमी सामने आई। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर यूजर चार्ज सूची नहीं मिलने पर निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र ने तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय का निरीक्षण किया। अस्पताल में साफ-सफाई सामान्य पाई गई, लेकिन कुछ शौचालयों की स्थिति ठीक नहीं थी। नालियों में गंदगी और अवरोध मिलने पर तत्काल सफाई के निर्देश दिए गए। परिसर में अवैध पार्किंग भी पाई गई।

वहीं, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति विजय शर्मा ने जिला महिला चिकित्सालय डफरिन का निरीक्षण किया। यहां साफ-सफाई सामान्य रही और डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद मिले। ड्यूटी चार्ट में समय अंकित नहीं होने की कमी सामने आई। अस्पताल के बाहर गंदगी और लंबे समय से खड़ी एक संदिग्ध कार पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अस्पतालों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखना प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

# उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में दमगड़ा राजस्व टीम ने की पैमाइश

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के दमगड़ा गांव में भूमि विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित मोहम्मद कासिम पुत्र नाजिम की शिकायत पर उपजिलाधिकारी रावेन्द्र सिंह के लिखित आदेश के बाद उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच और पैमाइश की।

जानकारी के अनुसार, मोहम्मद कासिम ने आरोप लगाया था कि गांव के ही मोहम्मद फारुख उनकी भूमिधरी जमीन में जबरन रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में कासिम ने उपजिलाधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं, दूसरी ओर विपक्षी पक्ष मोहम्मद फारुख ने भी जिलाधिकारी के यहां अपनी शिकायत प्रस्तुत की थी।

उपजिलाधिकारी के निर्देश पर गठित राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में जमीन की पैमाइश की। जांच के दौरान राजस्व टीम ने बताया कि चकमार्ग के आंशिक भाग के कुछ अंश पर अवैध रूप से फारुख द्वारा बाउंड्रीवाल बनाया गया। जिसे स्पष्ट रूप से चिन्हित कर दिया गया है। हालांकि, पीड़ित पक्ष मोहम्मद कासिम का कहना है कि उनकी भूमिधरी जमीन में अवैध रूप से रास्ता बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे लेकर उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। वही विवाद की स्थिति को देखते हुए उप जिलाधिकारी रावेंद्र सिंह मौके पर पहुंचकर लगभग तीन घंटा तक बैठकर पैमाइश कराए।

फिलहाल, राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। मामले को लेकर गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

वही एक पक्ष द्वारा पैमाईश से असंतुष्ट होने पर मौके पर मौजूद उप जिलाअधिकारी ने दोनों पक्षों को हिदायत दिया कि विवादित भूमि पर किसी भी पक्ष द्वारा कोई भी अस्थाई स्थाई रूप से निर्माण नहीं करेगा।

### चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर ट्रेनिंग सेंटर में भक्तिमय माहौल में शुरू हुई नवरात्रि पूजा

**प्रयागराज।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर करुणा वेलफेयर स्किल ट्रेनिंग सेंटर में माँ भगवती की नवदिवसीय पूजा-अर्चना भक्तिमय वातावरण में विधिवत रूप से प्रारंभ हुई। केंद्र परिसर माँ के जयकारों और भक्ति भाव से गूंज उठा। शुभ मुहूर्त में माँ भगवती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं विधि-विधान से पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रोजेक्ट हेड देवाशीष श्रीवास्तव ने कहा कि नवरात्रि शक्ति, आस्था और नव ऊर्जा का प्रतीक है, जो जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देता है। वहीं केंद्र प्रबंधक सुभाष शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजन अभ्यर्थियों में अनुशासन, एकता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना जागृत करते हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र पर दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना (डीडीयूजीकेवाई) के अंतर्गत जीडीए का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर जीडीए ट्रेनर चांदनी मिश्रा, सॉफ्ट स्किल ट्रेनर प्रीति कुमारी, वार्डन मान्या कुमारी सहित आशीष, आकाश, सतीश, त्रिलोक राज, विपिन, दुर्गेश, हेमंत, साहिल, दीपक, नमीसा, राखी, अंजुला, संजना, राजकली, गरिमा, कामिनी, बबली, सिमरन, सोमनाथ सहित सभी कैंडिडेट्स श्रद्धापूर्वक उपस्थित रहे।

# सेंट पीटर्स के छात्र आयुष तिवारी ने नवोदय प्रवेश परीक्षा टॉप कर पूरे उरुवा में रचा इतिहास

## बेटे की इस उपलब्धि पर बेहद खुशी से गदगद पिता अमित तिवारी ने स्कूल की प्रिंसिपल अंकिता खेरा प्रबंधक अभिषेक खेरा और शिक्षक शिक्षिकाओं का जताया आभार कहा आयुष की सफलता के पीछे रहा स्कूल प्रबंध तंत्र का उत्कृष्ट योगदान

**(चन्द्रमा प्रसाद/अतुल तिवारी)**



होनहार छात्र आयुष तिवारी

**मेजा।** मेजा के कठौली जनवार मेजारोड स्थित सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा पांच के होनहार छात्र आयुष तिवारी ने जवाहर नवोदय मेजा की प्रवेश परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर विकास खंड उरुवा में टॉप कर न केवल परिवार का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे मेजा क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। आयुष की इस उत्कृष्ट सफलता पर परिवार में जश्न का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि विकास खंड उरुवा के कठौली जनवार गांव निवासी अमित तिवारी का सुपुत्र आयुष तिवारी गांव में ही स्थित उक्त स्कूल का कक्षा पांचवीं का प्रतिभाशाली होनहार छात्र रहा है। बता दें कि बीते 13 दिसंबर को मेजा स्थित नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा में प्रतिभाग किया था 17 मार्च को आने पर 93 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले इस होनहार छात्र और उसके परिजनों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आयुष ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई की और प्रवेश परीक्षा में टॉप कर पूरे विकास खंड उरुवा में इतिहास रच दिया। गौरतलब है कि आयुष तिवारी की इस उपलब्धि पर सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री अंकिता खेरा,प्रबंधक अभिषेक खेरा और उसके शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए जहां उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है वहीं अति प्रसन्नता से बेहद गदगद माता पिता व घर परिवार के अन्य परिजनों के खुशी का ठिकाना नहीं है। सभी लोग घर में जश्न मनाते हुए लोगों का मुंह मीठा करा रहे हैं। अपने नन्हे के लाल के इस बड़ी सफलता पर पिता अमित तिवारी ने कहा कि आयुष सेंट पीटर्स के शिक्षकों द्वारा शुरूआत में ही दी गई शिक्षा दीक्षा से पढ़ने लिखने में काफी होनहार था। उन्होंने कहा कि उसके इस सफलता के पीछे स्कूल के प्रबंधक,प्रिंसिपल और शिक्षकों का उत्कृष्ट योगदान रहा है। उन्होंने स्कूल के समस्त लोगों का आभार जताते हुए बधाई दिया है। इसी क्रम में गांव के पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत), सहित आयुष के दादा प्रेमशंकर तिवारी, तीर्थराज तिवारी, सिद्धांत तिवारी और उमाशंकर तिवारी दीपक तिवारी पप्पू तिवारी,प्रभात तिवारी तथा आदि के अलावा कई अन्य संभ्रांत लोगों ने बधाई देते हुए आयुष के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# ईद की तैयारियां तेज : ईदगाहों का निरीक्षण सफाई व पेयजल व्यवस्था के निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**लालगोपालगंज।** ईद-उल-फितर के मद्देनजर नगर पंचायत प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बृहस्पतिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मुख्तार अहमद ने कस्बे के विभिन्न ईदगाहों और वहां जाने वाले मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए कर्मचारियों को निर्देश दिया कि ईद की नमाज को देखते हुए ईदगाहों तक जाने वाले सभी रास्तों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने चूने का छिड़काव कराने और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा, ताकि नमाजियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

मुख्तार अहमद ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दिन नागरिकों की सुविधा सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान संबंधित कर्मचारियों को समय रहते सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के समय कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक कृष्ण कुमार नागर, जितेंद्र सरोज, रामकैलाश यादव, अमृतलाल मौर्य, महताब अहमद, सफाई नायक रियासत हुसैन सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# बच्चों का उज्ज्वल भविष्य और अभिभावकों का विश्वास ही मेजा पब्लिक स्कूल की है शान : अमरेश

## मेजा पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा अनाया शेख का सैनिक स्कूल में हुआ चयन, प्रबंधतंत्र ने दी बधाई



सैनिक स्कूल में चयन होने पर अनाया शेख को मिठाई खिलाकर बधाई देते स्कूल के डायरेक्टर

**मेजा।** जब आप लगातार मेहनत करें और उसका फल मिले तो बहुत अच्छा लगता है हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेजा पब्लिक स्कूल में जेकेजी से पढ़ रही छात्र अनाया शेख का चयन सैनिक स्कूल में हुआ है। अनाया की कड़ी मेहनत और लगन की पढ़ाई पर स्कूल के डायरेक्टर अमरेश तिवारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और उनके अभिभावक ने बधाई देते हुए अनाया शेख के उज्जवल भविष्य की कामना किया है। गौरतलब है कि अनाया शेख की इस उपलब्धि पर डायरेक्टर अमरेश तिवारी ने कहा कि बच्चों के अभिभावकों का विश्वास ही मेजा पब्लिक स्कूल की ताकत और शान है।

### रेल विद्युतीकरण संगठन में राजभाषा समिति की बैठक, हिंदी के प्रयोग पर जोर

**प्रयागराज।** केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) मुख्यालय में गुरुवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने की। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए रेलवे बोर्ड की ओर से पर्याप्त सुविधाएं और छूट दी गई हैं। ऐसे में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बिना संकोच अपने दैनिक कार्यों में हिंदी का प्रयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि राजभाषा से जुड़े प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए और ई-ऑफिस सहित सभी कार्य हिंदी में सहज रूप से किए जा सकते हैं। इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. संजय सिंह नेगी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संगठन में हिंदी के प्रयोग-प्रसार में लगातार प्रगति हो रही है, लेकिन निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं।

# अवैध खनन के खिलाफ डीएम किए टीम गठित टास्क फोर्स ने सेमरी घाट पर की छापेमारी



**लालापुर।** थाना क्षेत्र के सेमरी तरहार स्थित यमुना घाट पर चल रहे कथित अवैध बालू खनन और परिवहन की शिकायतों पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित टास्क फोर्स ने मौके पर पहुँचकर मामले की गहन जाँच की। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मात्र दो घंटे के अंदर एक टास्क फोर्स टीम का गठन किया। एसडीएम बारा, प्रेरणा गौतम के नेतृत्व में खनन विभाग की टीम ने जैसे ही सेमरी तरहार गाँव के यमुना घाट पर छापेमारी की, इलाके में हड़कंप मच गया।

जाँच टीम की भनक लगते ही खनन माफियाओं ने टीम को रोकने के लिए रास्ते में बड़े गड्ढे खोद दिए, लेकिन टीम ने मौके पर पहुँचकर रास्ते को पाटते हुए अपनी जाँच जारी रखी। टीम के निरीक्षण के दौरान बालू से लदी एक नाव भी मौके पर पहुँची, जिसके नाविक से अधिकारियों ने पूछताछ की। यह मामला संवेदनशील इसलिए है क्योंकि खनन स्थल प्रयागराज की सीमा में है, जबकि परिवहन कौशाम्बी जिले की ओर से किया जा रहा था। टीम ने दोनों तरफ के रास्तों और स्थापित तौल कांटों का बारीकी से निरीक्षण किया।

टास्क फोर्स अधिकारी महबूब खान ने बताया कि मामले की पूरी रिपोर्ट तैयार कर ली गई है और इसे निदेशक (खनन) को भेजा जाएगा। रिपोर्ट में पाई गई अनियमितताओं के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# ड्रोन तकनीक से लैस हो रहे एनसीसी कैडेट्स ग्रुप कमांडर ने परखा प्रशिक्षण शिविर

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में नवाबगंज स्थित राम दुलारी बच्चू लाल जायसवाल पीजी कॉलेज में आयोजित 12 दिवसीय ड्रोन प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स आधुनिक तकनीक की बारीकियां सीख रहे हैं। गुरुवार को ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर उपेंद्र सिंह कंदिल ने शिविर का निरीक्षण कर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

16 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित यह शिविर 12 मार्च से 23 मार्च तक संचालित हो रहा है। इसमें प्रदेश के विभिन्न एनसीसी ग्रुप मुख्यालयों से सीनियर डिवीजन और सीनियर विंग के कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य कैडेट्स को ड्रोन तकनीक के सैन्य और नागरिक उपयोग से परिचित कराना है। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को ड्रोन डिजाइन, असेंबलिंग और संचालन की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। साथ ही सीमित समय में ड्रोन तैयार करने और उसका सफल परीक्षण करने का अभ्यास भी कराया जा रहा है। सुरक्षा मानकों, निगरानी प्रणाली और आपदा प्रबंधन में ड्रोन के उपयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

निरीक्षण के दौरान कैडेट्स ने ड्रोन फ्लाइंग का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर ग्रुप कमांडर ने उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में ड्रोन और साइबर तकनीक का ज्ञान बेहद जरूरी है और एनसीसी कैडेट्स को इसमें दक्ष होना चाहिए।

शिविर कैंप कमांडेंट कर्नल निशांत बरियार और डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल योगेंद्र चिनवान के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। कर्नल बरियार ने कहा कि ड्रोन तकनीक भविष्य के सैन्य परिदृश्य का अहम हिस्सा है और इसका प्रशिक्षण कैडेट्स की क्षमताओं को नई दिशा देगा।

अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के प्रशिक्षण से कैडेट्स न केवल तकनीकी रूप से मजबूत बन रहे हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा की भावना भी विकसित हो रही है।

# मण्डलायुक्त प्रयागराज ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिवक्ताओं व अधिकारियों के साथ की बैठक

**मण्डलायुक्त प्रयागराज ने युवाओं और महिला मतदाताओं के पंजीकरण पर दिया विशेष जोर**

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** मण्डलायुक्त प्रयागराज एवं रोल प्रेक्षक सौम्या अग्रवाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिवक्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि अधिवक्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक के बाद मण्डलायुक्त ने जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के साथ मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिव सहाय अवस्थी ने फार्म-6 एवं एसआईआर के तहत अब तक हुई प्रगति से अवगत कराया तथा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के नामों में असामान्य रूप से अधिक वृद्धि या कमी हुई है, वहां संबंधित सम्बन्धित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी द्वारा विशेष जांच कराई जाए और उसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाताओं और महिला मतदाताओं के अधिक से अधिक पंजीकरण पर विशेष जोर देते हुए अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। इसके साथ ही ईआरओ नेट पर प्राप्त आवेदनों की दोबारा गहन जांच (सुपर चेकिंग) सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना समाप्त हो सके। उन्होने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाये रखने के लिये मतदाता सूची का शुद्धीकरण अत्यन्त आवश्यक है इसलिये सभी सम्बन्धित अधिकारी इस कार्य को गम्भीरता से लेते हुये निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। बैठक में अपर आयुक्त (प्रशासन) रत्ना प्रिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि.ध्रा.) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### मण्डलायुक्त ने कार्यालयों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



मण्डलायुक्त प्रयागराज एवं रोल प्रेक्षक सौम्या अग्रवाल ने आज जनपद प्रतापगढ़ के कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व कार्यालयों में विभिन्न पटलों, विभिन्न न्यायालयों, अभिलेखागार आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियोंध्कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी प्रथम, उपजिलाधिकारी द्वितीय आदि न्यायालयों का निरीक्षण किया, उन्होंने स्वयं आलमारियों को खुलवाकर पत्रावलियों की जांच की और स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए। मण्डलायुक्त ने राजस्व कार्यालयों में तैनात पटल कार्मिकों के कार्यो की जानकारी ली और अधिकारियों व कर्मचारियों के सेवापुस्तिका का अवलोकन कर नियमित रूप से अपडेट रखने का निर्देश दिया। उन्होने निर्देशित किया कि राजस्व के जितने भी पटल है प्रभारी अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध करायी जाये। मण्डलायुक्त ने मानव सेवा सम्पदा पोर्टल के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल देते हुए कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवापुस्तिका एवं अवकाश से संबंधित सभी सूचनाएं समय-समय पर पोर्टल पर अपडेट की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से न केवल कार्यों में पारदर्शिता बढ़ती है, बल्कि प्रशासनिक दक्षता भी सुदृढ़ होती है। उन्होने कलेक्ट्रेट के अभिलेखागार का निरीक्षण किया और ग्रामसभाओं के अभिलेख से सम्बन्धित बस्तो को चेक किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सीमा भारती ने जानकारी दी कि अभिलेखों को पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। इस पर मण्डलायुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की और कहा कि अभिलेखों के डिजिटलीकरण से अधिवक्ताओं और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी तथा कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी।

## सड़क हादसे में दो युवक की मौत, एक घायल





**पट्टी।** देर रात सोनपुरा-ढकवा मोड़ पर फोरलेन पार करते समय तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

सुल्तानपुर जनपद के कोइरीपुर निवासी शिवा पुत्र हनुमान प्रसाद मोदनवाल, श्याम पुत्र प्रदीप अग्रहरि और साहिल पुत्र राकेश सोनी मोटरसाइकिल से ढकवा बाजार किसी काम से गए थे। रात्रि करीब 11 बजे तीनों वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वे सोनपुरा ढकवा मोड़ पर फोरलेन पार करने लगे तभी सुल्तानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार महिंद्रा एक्सयूवी ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवा और श्याम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और फोरलेन पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश चैरसिया पुलिस टीम के साथ रात में ही घटनास्थल पर पहुंचे। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने में काफी दिक्कतें आईं, जिसके बाद हाइड्रा मंगवाकर सड़क खाली कराई गई। कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन बहाल कराया जा सका। थानाध्यक्ष राकेश चैरसिया ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### पेड़ की डाल काटने के विवाद में खूनी संघर्ष, महिला समेत तीन घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के उडैयाडीह बाजार में मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। पेड़ की डाल काटने को लेकर दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे चलने लगे। जिसमें महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। उडैयाडीह बाजार निवासी आदिल अली ने बृहस्पतिवार की सुबह पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसके घर के आंगन में पड़ोसी के बैर के पेड़ की डाल आ रही थी। इसी को लेकर जब उसने डाल काटने के लिए कहा तो पड़ोसी पक्ष आक्रोशित हो गया और कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और आरोप है कि पड़ोसी पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन भी हमले का शिकार हो गए। बीच-बचाव करने आई आदिल अली की मां ताज बेगम और पिता रियाजुद्दीन को भी बेरहमी से पीटा गया। इस मारपीट में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।इस संबंध में उपनिरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है और मामले की गहनता से जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## रामनगर में पेयजल योजना का शुभारंभ विधायक ने किया जल अर्पण

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** विकास खंड सदर के अंतर्गत ग्राम रामनगर में पेयजल योजना के अंतर्गत ह्लजल अर्पण कार्यक्रमह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर द्वारा पेयजल योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही जलापूर्ति व्यवस्था का प्रतीकात्मक रूप से जल अर्पण करते हुए ग्राम प्रधान रामनगर को सुपुर्द किया गया, जिससे ग्रामवासियों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान विधायक सदर ने ग्रामवासियों से संवाद कर पेयजल योजना के संचालन एवं जलापूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामवासियों ने बताया कि योजना के माध्यम से गांव में निरंतर एवं सुचारू रूप से जलापूर्ति हो रही है, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। विधायक सदर ने ग्रामवासियों से जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा पानी का अनावश्यक व्यर्थ न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रभात फेरी भी निकाली गई, जिसमें बच्चों ने जल बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान रामनगर, हिमांशु केसरवानी (सहायक अभियंता), बृजेश कुमार (जूनियर इंजीनियर), डी. वेंकटेश (प्रोजेक्ट मैनेजर, पीएमपीएल) एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने में गड़बड़ी डीहबलई में 428 नामों पर उठे सवाल

**कुंडा।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2026 के तहत ग्राम पंचायत डीहबलई, विकास खंड बाबागंज में मतदाता सूची से 428 मतदाताओं के नाम डुप्लीकेट के आधार पर हटाए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में समाजसेवी डीह बलई के कुशहा निवासी समाजसेवी आदर्श पांडेय ने उपजिलाधिकारी को साजिश करने वाले के खिलाफ नाम जद शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। आदर्श पांडेय ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि संभावित डुप्लीकेट मतदाता सूची से हटाए गए नामों में ग्राम पंचायत डीहबलई के कई वैध मतदाता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई बिना किसी सत्यापन के की गई और इसमें स्थानीय संबंधित लोगों की लापरवाही स्पष्ट रूप से दिखती है। शिकायती पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि हटाए गए नामों में डीह बलई के कुशहा गांव के नाम है जिस गांव के आदर्श पांडेय निवासी हैं। जिनके मतदान अधिकारों का हनन किया गया है। शिकायत के बाद एसडीएम वाचस्पति सिंह ने खंड विकास अधिकारी, बाबागंज को मामले की जांच का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत डीहबलई के ग्रामीणों ने इस घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि यह कदम न केवल लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है, बल्कि उनके संवैधानिक अधिकारों का भी हनन है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कार्रवाई चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के उद्देश्य से की गई है। समाजसेवी आदर्श पांडेय ने कहा कि यह केवल 428 नामों का मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे चुनावी तंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करता है। चुनाव के पहले ही हर के डर से ऐसा किया गया है। उन्होंने कहा कि वे तब तक संघर्ष करते रहेंगे जब तक सभी प्रभावित मतदाताओं को न्याय नहीं मिल जाता । खंड विकास अधिकारी की रिपोर्ट मिलने के बाद एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लिया है।

### सड़क हादसों में पांच लोग घायल

**कुंडा।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर अठेहा गांव निवासी रेवती रमन का 22 वर्षीय बेटा संजय बाइक से किसी काम से कुंडा इलाके में गया था। हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। हथिगवां थाना क्षेत्र के बटौवा गांव निवासी सूर्यबली का 44 वर्षीय बेटा रविशंकर बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। नगर पंचायत के तिलौरी मोहल्ला निवासी अशोक कुमार का 23 वर्षीय बेटा पवन कुमार अपनी 54 वर्षीय मां लता देवी को बाइक पर बैठाकर कहीं जा रहा था। अज्ञात वाहन की टक्कर से मां बेटे दोनों घायल हो गए। मानिकपुर थाना क्षेत्र के लाल साहब का पुरवा ऐंठू गांव निवासी 84 वर्षीय कृष्णा यादव वाहन की टक्कर से घायल हो गए।आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी भेजा।

## चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार लाखों का सामान बरामद




**पट्टी।** जनपद में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बीच आसपुर देवसरा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से खेत और बंद घर से चोरी किया गया कीमती सामान भी बरामद किया है।

घटना 16 मार्च 2026 की रात की है, जब थाना क्षेत्र के ग्राम तिबीपुर में चोरों ने खेत में लगे समरसेबल का स्टार्टर और स्टेबलाइजर उड़ा दिया। इतना ही नहीं पास के खेत से झटका मशीन, छोटी बैटरी और सोलर पैनल भी चोरी कर लिया गया। वहीं एक बंद पड़े घर को भी निशाना बनाकर एलईडी टीवी पार कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित की गई। थाना प्रभारी राकेश कुमार चैरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बनरहिया बाग हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को धर दबोचा।गिरफ्तार आरोपियों में रवी वर्मा उर्फ मोहित, मिथलेश विश्वकर्मा उर्फ रिंकू और अभिषेक विश्वकर्मा शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में तीनों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया है।पुलिस ने इनके पास से चोरी किया गया स्टेबलाइजर, स्टार्टेर, झटका मशीन, छोटी बैटरी, सोलर पैनल और एलईडी टीवी बरामद किया है।फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है, वहीं मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, गंभीर

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के नजियापुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार नजियापुर निवासी श्यामनाथ पर आधा दर्जन लोगों ने लाठी-डंडों से अचानक हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह उनकी जान बचाई। घायल श्यामनाथ को तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखरनाथ धाम में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट होने के चलते डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। देर रात पीड़ित की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने गांव के गुड्डू, जयशंकर, रंजीत और शनि कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## नहर पुलिया के पास से बदमाश गिरफ्तार तीन जिंदा देशी बम बरामद

अखंड भारत संदेश




**पट्टी।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आसपुर देवसरा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन जिंदा देशी बम बरामद किया हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राकेश कुमार चैरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर नहर ऐलाही पुलिया के पास घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अंकित सिंह (25) निवासी ग्राम महुली, थाना आसपुर देवसरा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 3 जिंदा देशी बम बरामद हुए। पुलिस ने इस बरामदगी के आधार पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। खास बात यह है कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी बेहद गंभीर रहा है। उस पर प्रतापगढ़ और जौनपुर जनपद में हत्या, डकैती, हत्या का प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और चोरी जैसे करीब 7 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, जिसे समय रहते गिरफ्तार कर लिया गया।फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके अन्य साथियों व नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

### रंजिशन अधेड़ पर जानलेवा हमला, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** जानलेवा हमले को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी अनुज राम पुत्र स्व0 देवतादीन केवट ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बुधवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे वह घर मे मौजूद था। रंजिश को लेकर इस बीच गांव के एक आरोपी उसके दरवाजे पर पहुंचा और गालीगलौज करते हुए ईट पत्थर चलाने लगा। पीड़ित ने बाहर निकलकर उसे मना किया तब आरोपी ने उस पर लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले मे पीड़ित बेहोश हो गया। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी धमकी देते चला गया। सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## शिवांश ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले मे टॉप कर बढ़ाया जेबीएस का मान




**लालगंज।** बेलहा स्थित जेबीएस पब्लिक स्कूल के मेधावी शिवांश सिंह ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले में टॉप कर लालगंज क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मेधावी की सफलता पर गुरूवार को विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। लालगंज बाजार निवासी सत्येन्द्र सिंह के पुत्र शिवांश ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। शिवांश की मां स्नेहलता सिंह भी जेबीएस में शिक्षिका हैं। सफलता की जानकारी पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख एवं विद्यालय के निदेशक इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने सफल मेधावी का मुंह मीठा कराते हुए माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रधानाचार्या पूर्णिमा सिंह ने इसे विद्यालय की गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है। वहीं संस्थापक समाजसेवी लालदेव सिंह ने सफलता पर शिक्षकों की मेहनत को सराहा है।

## न्यूज झरोखा

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ



**प्रतापगढ़।** नवरात्रि के प्रथम दिवस से नगर क्षेत्र के लेखपाल कॉलोनी स्थित कैरियर एकेडमी स्कूल में कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। विद्यालय परिसर से अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली कलश यात्रा भक्ति भाव से ह्लजय श्री रामह्व के जयघोष से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला,पुरुष और युवाओं ने भागेदारी निभाई। यह कलश यात्रा आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपरा का अद्भुत उदाहरण रही। आयोजित श्रीराम कथा नवरात्रि से शुभारंभ होकर 27 मार्च 2026 तक प्रतिदिन होगा । उक्त जानकारी कथा के आयोजक विद्यालय के प्रबंधक शंशाक पाण्डेय ने देते हुए बताया कि 27 मार्च तक चलने वाले इस श्रीराम कथा में प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र और आदर्शों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन 28 मार्च 2026 को विशाल प्रसाद भंडारे के साथ होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकता का संदेश देते है।

### नव निर्माण के नौ वर्ष कार्यक्रम में योजनाओं की दी गयी जानकारी



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार के ह्लनव निर्माण के नौ वर्षह्व पूर्ण होनें के अवसर पर आज तहसील स्तरीय कार्यक्रम विकास खण्ड-सदर में आयोजित किया गया, जिसमे तहसील के सभी विकास खण्ड (सदर, सण्ड़वा चन्द्रिका, मानधाता) के लोगो की उपस्थिति रही। ह्लनव निर्माण के नौ वर्षह्व पूर्ण होने के इस अवसर पर उपस्थित लोगो को सरकार की नौ वर्ष में संचालित योजनाओ को बताया गया तथा सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सरकार ग्राम्य विकास, पंचायतराज, एन०आर०एल०एम, बाल विकास, समाज कल्याण, स्वाथ्य विभाग आदि अन्य विभागों के द्वारा चलाई जा रही योजनाओ एवं सरकार की उपलब्धियो के बारे में लोगो को अवगत कराया गया। इस सभा में नवरात्रि के प्रथम दिवस में नारी शक्ति की भागीदारी अधिक संख्या में रही। कार्यक्रम में स्वय सहायता समूह की 05 लखपति दीदीं को सम्मान पत्र देकर सम्मनित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत उपस्थित 05 महिला लाभार्थियों को चाभी का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे खण्ड विकास अधिकारी सदर, खण्ड विकास अधिकारी सडवाचन्द्रिका, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी संख्यकीय, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता, सहायक विकास अधिकारी महिला तथा समस्त बी०एम०एम की भागीदारी रही।

### अर्पित ने आईआईटी में छियासवीं रैंक की सफलता का लहराया परचम, खुशी



**लालगंज।** आईआईटी जेएएम में मेधावी की सफलता पर गुरूवार को ननिहाल में खुशी का माहौल देखा गया। रायबरेली जिले के हटका उमरन निवासी अर्पित शुक्ला दिल्ली में पढ़ाई कर रहे हैं। अर्पित का लालगंज के दीवानी वार्ड में ननिहाल है। आईआईटी 2026 के परिणाम में अर्पित को ऑल इण्डिया स्तर पर छियासवीं रैंक पर सफलता मिली है। मेधावी की सफलता पर परिजनों के साथ यहां उसके ननिहाल में भी खुशी का माहौल दिखा। मां वंदना तथा मामा एवं लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश को लोगों ने अर्पित की सफलता पर शुभकामनाएं सौंपी। मेधावी की सफलता पर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, वरिष्ठ अधिवक्ता राममिलन शुक्ल, अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी आदि ने अर्पित की सफलता को गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है।

### सफाईकर्मी के बेटे को मिली पीएचडी की उपाधि



**कुंडा।** साधारण परिवार से आने वाले लोदीपुर देवपट्टी निवासी सफाईकर्मी राजकुमार के बेटे कुलदीप कुमार गौतम (28) ने हिंदी साहित्य में पीएचडी कर जिले का नाम रोशन किया है। जेजेडीबी इंटर कॉलेज से शुरूआती शिक्षा के बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए, एमए, बीएड, जेआरएफ और पीएचडी पूरी की। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। कुलदीप ने प्रोफेसर अमरजीत राम के निर्देशन में शोध कार्य पूरा किया। उनके दो भाई भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

### ऊसर खाते की जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज।** ऊसर खाते की जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर लेखपाल की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम का पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज तहसील के नौढ़िया गांव में तैनात लेखपाल विनोद कुमार यादव ने संग्रामगढ़ पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुनेहरी नौढ़िया गांव में ऊसर खाते की भूमि पर उमेश यादव पुत्र राज बहादुर व मानवेंद्र यादव पुत्र राम नारायण तथा आरती पत्नी विमलेश द्वारा ऊसर खाते की जमीन पर अवैध रूप से पक्का निर्माण कार्य कर लिया गया है। लेखपाल द्वारा मनाही के बावजूद अवैध निर्माण को लेकर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के कड़े निर्देश दिये। लेखपाल की तहरीर पर संग्रामगढ़ पुलिस ने उमेश समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। तहसीलदार गरिमा वर्मा का कहना है कि क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार को अवैध निर्माण को लेकर जांच सौंपी गयी है। जांच आख्या मिलने के बाद अतिक्रमण को हटवाये जाने की कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इधर अवैध अतिक्रमण को लेकर एफआईआर दर्ज होने से गांव में हडकंप का माहौल देखा गया।

### मवेशी की हत्या में दो पर केस

**लालगंज।** मवेशी की हत्या को लेकर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे पण्डित भोजपुर गांव निवासी अंकित सरोज पुत्र महारानीदीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर बीती पन्द्रह मार्च की शाम साढ़े पांच बजे दुल्लापुर निवासी दीपक सरोज व धर्मेन्द्र सरोज ने उसकी सुअर की नदी के किनारे ले जाकर हत्या कर दी। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**पट्टी।** चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई रहता है। घर लौटने पर ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने गांव के ही कुछ संदिग्ध युवकों पर शक जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। रामपुर खागल निवासी दुर्गेश शर्मा पुत्र सुरेश प्रसाद सपरिवार मुंबई में रहते हैं। गांव स्थित उनके घर पर ताला बंद था। पीड़ित के अनुसार, बीते 8 मार्च 2026 को उन्हें सूचना मिली कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। जब वह मुंबई से वापस आए, तो देखा कि घर के अंदर रखे सोने-चांदी के आभूषण, कीमती बर्तन और यहां तक कि साइकिल भी गायब थी। पीड़ित दुर्गेश शर्मा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गांव के ही कुछ युवक पिछले दो महीनों से अक्सर उनके घर के सामने बैठकर शराब पीते थे और देर रात तक शोर-शराबा करते थे। पीड़ित ने आशंका जताई है कि इन्हीं लोगों ने मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

### पशुशाला से दो भैंस चोरी

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के कुंदनपुर गांव में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए पशुशाला से दो भैंस पार कर दीं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। गांव निवासी राजीव यादव के अनुसार बीती रात करीब दो बजे अज्ञात चोर उनके घर के पास बनी पशुशाला में घुस गए और वहां बंधी करीब दो लाख रुपये कीमत की दो भैंस खोलकर चुरा ले गए। वारदात इतनी सफाई से की गई कि घरवालों को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह जब पशुपालक पशुशाला पहुंचा तो भैंस गायब देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी और थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में उपनिरीक्षक अतर सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

# कनपटी में गंभीर चोट फोड़ी गई आंख मुँह में ठूसा कपड़ा से हुई अधेड़ की मौत

अखंड भारत संदेश

**मौत पर बवाल परिजनों का हत्या का आरोप थाना पुलिस बता रही आत्महत्या**



**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में घर में अकेले मौजूद एक अधेड़ की आधी रात को गंभीर चोट से मौत हो गई है जानकारी मिलने के बाद गांव के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक की एक आंख फोड़ दी गई थी उसके कनपटी में गंभीर चोट के निशान है मृतक के मुंह में कपड़ा ठूसा हुआ था शरीर के अन्य हिस्से में भी गंभीर चोट के निशान मौजूद है जिससे कनपटी वा कान के बगल से और आंख से ढेर खून बहकर बाहर गिरा हुआ था हालांकि थाना पुलिस स्वाभाविक मौत मान रही है और पुलिस इस मौत को आत्महत्या बता रही है जिससे थाना पुलिस पर भी बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि कहीं हत्यारों से थाना पुलिस के पहले से संपर्क तो नहीं है जो बड़ी जांच का विषय है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी मिश्री लाल उम्र लगभग 56 वर्ष पुत्र केसरी लाल बुधवार की रात को घर में अकेले थे उनकी एक बेटी थी जिसकी शादी हो चुकी है और उनकी पत्नी कुछ दिन पहले अपनी बेटी के ससुराल चली गई थी गुरुवार की सुबह मिश्रीलाल की रक्तरंजित लाश घर के अंदर मिली है मृतक के मुंह में कपड़ा ठूसा हुआ था एक आंख फोड़ दी गई थी कनपटी वा कान के अंदर किसी नुकीले चीज से प्रहार कर चोट पहुंचाई गई है आंख कान कनपटी के साथ-साथ शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट के निशान थे कनपटी कान आंख से खून बह कर फैल गया था मृतक के शव को देखकर लगता है कि रात में बहुत बेरहमी से हत्या की गई है मृतक पहले होम गार्ड की नौकरी करता था बीच में नौकरी छोड़ दिया था मिश्रीलाल की मौत के बाद थाना पुलिस के बयान को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जहां एक ओर परिजन इसे हत्या बता रहे हैं, वहीं पुलिस प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या मान रही है।परिजनों का आरोप है कि मिश्रीलाल की बेरहमी से हत्या की गई है और थाना पुलिस द्वारा मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि शव की स्थिति और घटनास्थल के हालात हत्या की ओर इशारा करते हैं। मौत की जानकारी मिलने के बाद पत्नी और रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए हैं घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है ग्रामीणों में भी आक्रोश देखा जा रहा है।वहीं पुलिस का कहना है कि प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है,हालांकि वास्तविक स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके से साक्ष्य भी जुटाए गए हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है थाना पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। लेकिन आंख का फोड़ा जाना मुंह पर कपड़ा ठूसा जाना और कनपटी वा कान के अंदर से ढेर खून बह कर आना शरीर में चोट के तमाम निशान आत्महत्या की घटना से इनकार कर रहे हैं मामले में थाना पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हैं आखिर वह तमाम चोट के निशान देखने के बाद अनर्गल बयान बाजी कर थाना पुलिस अफसर को क्यों गुमराह कर रही है और थाना पुलिस मौत के मामले में क्या साबित करना चाहती है इसके पहले भी कई गंभीर घटनाओं में करारी थानेदार पर तमाम गंभीर आरोप लग चुके हैं।



## चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

**संदीपन घाट में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस रही मुस्तैद**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिराथू तहसील के संदीपन घाट में आज चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में डुबकी लगाई और गंगा नदी में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर में फूल माला व प्रसाद चढ़ा कर पूजा अचर्ना की वही सुरक्षा व्यवस्था में लगी कोखराज पुलिस ने सुरक्षा की द्दष्टि से लगातार श्रद्धालुओं को गहरे जल में न जाने की हिदायत दी जिससे कोई भी अनहोनी न हो बल्कि सुरक्षा के द्दष्टिगत नाविक व नाव की भी व्यवस्था की गई थी।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जनपद भ्रमण कार्यक्रम

**कौशांबी।** उप मुख्यमंत्री,उ.प्र केशव प्रसाद मौर्य दिनांक 21 मार्च,2026 को पूर्वान्ह 11:40 बजे समदा चौराहा पहुँचकर शंख चौराहा का नामकरण एवं लोकार्पण करेंगे तथा 12:05 बजे मंझनपुर चौराहा पहुँचकर कलश चौराहा का नामकरण एवं लोकार्पण करेंगे। उप मुख्यमंत्री अपरान्ह 12:30 बजे गेस्ट हाउस,ओसा में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। तत्पश्चात अपरान्ह 01:55 बजे मॉडल पार्क मंझनपुर में भगवान परशुराम, आवन्तीबाई लोधी, वीरांगना ऊदा देवी एवं संत गागडे महाराज की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उप मुख्यमंत्री अपरान्ह 02:35 बजे बस स्टाप परिसर, मंझनपुर में गौरव प्रतिमा अनावरण महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे तथा अपरान्ह 02:55 बजे नगर पालिका मुख्यालय,मंझनपुर के नामकरण समारोह में सम्मिलित होंगे एवं तदोपरान्त प्रतिनिधियों एवं पाटी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे।

## प्रदेश सरकार की सफलता पर बयान बाजी कर गए राज्य मंत्री

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मां शीतला देवी अतिथि गृह सायरा में गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूरे होने पर कहां की प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ है प्रदेश में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है सड़क जल एवं नल लेकर सभी क्षेत्र में विकास हुए हैं जमीनी हकीकत देखने के बजाय राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का मनमानी गुणगान करते रहे इस मौके पर उन्होंने व्यापारियों को भी लुभाने की कोशिश की और व्यापारियों को सम्मानित किया इस मौके पर उन्होंने सरकार के आंकड़ों की उपलब्धि का बखान कर वाहवाही लूटी है।

## मेटा अलर्ट बना जीवन रक्षक, मंझनपुर पुलिस की फुती से टली बड़ी अनहोनी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस ने सतकर्ता तकनीक और संवेदनशीलता का उदाहरण पेश करते हुए एक युवक की जान बचा ली मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने सोशल मीडिया पर जहर खाकर आत्महत्या करने की मंशा जाहिर करते हुए वीडियो पोस्ट कर दिया, जिससे स्थिति बेहद गंभीर हो गई। इसी दौरान मेटा के एआई आधारित मेटा अलर्ट सिस्टम ने संदिग्ध गतिविधि को पहचानकर तुरंत पुलिस को सूचना भेजी। अलर्ट मिलते ही पुलिस मीडिया सेल सक्रिय हुआ और तत्काल पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार को अवगत कराया गया। एसपी के निर्देश पर मंझनपुर प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को समय रहते सुरक्षित बचा लिया। पुलिस ने मौके पर उसकी काउंसलिंग कर उसे परिजनों के सुपुर्द किया और भविष्य में ऐसी हरकत न करने की हिदायत दी। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और मानवीय पहल से एक बड़ी अनहोनी टल गई। परिजनों ने कौशाम्बी पुलिस की संवेदनशीलता तत्परता और तकनीकी दक्षता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## पूरे जिले की थाना पुलिस ने किया पैदल गस्त

**कौशांबी।** जिले की सभी थाना पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त कर व्यवस्था की जानकारी ली गई आगामी त्यौहारों अलविदा की नमाज, ईद चैत्र नवरात्रि के द्दष्टिगत जनपद के सभी थानो के मिश्रित आबादी के क्षेत्रो में गुरुवार को भारी पुलिस फोर्स ने फ्लैग मार्च का आयोजन किया गेफ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन के अंदर सुरक्षा का भाव पैदा करना तथा शरारती, खुरापाती व अराजक तत्वों को संदेश देना कि कहीं भी कोई शरारत करने का दुस्साहस करेगा तो पुलिस ऐसे शरारती तत्वों से कड़ाई से निपटेगी।

## त्योहारों के मद्देनज़र कौशाम्बी पुलिस अलर्ट: संवेदनशील इलाकों में सघन पैदल गश्त

**कौशाम्बी।** जिले में आगामी त्योहारों जैसे चैत्र नवरात्रि, ईद एवं अलविदा की नमाज के मद्देनज़र शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सघन पैदल गश्त अभियान चलाया गया।इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह के साथ मंझनपुर मार्केट एवं करारी बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा स्थानीय व्यापारियों एवं आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहादर्पूर्ण वातावरण में मनाएं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

### सीओ कौशांबी में कई थाना क्षेत्र में किया पैदल गस्त

**महेवा घाट कौशांबी।** क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय द्वारा थाना पश्चिम शरीरा,महेवाघाट एवं कौशाम्बी क्षेत्र के अंतर्गत मिश्रित आबादी एवं भीड़भाड़ वाले संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ सघन पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई तथा स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। साथ ही आमजन से आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई।

### सीओ चायल ने विभिन्न क्षेत्रों में किया पैदल गस्त

**हररायपुर कौशांबी।** क्षेत्राधिकारी चायल अभिषेक सिंह द्वारा सर्किल चायल के विभिन्न संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों सैय्यद सरावा, मूरतगंज, महगांव, चायल में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई। सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

## न्यूज झरोखा

### कार के खुले गेट से टकराकर बाइक सवार घायल



**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा नवीन गल्ला मंडी के सामने हाइवे पर कार का गेट खोलने से बाइक सवार दरवाजे से टकरा कर घायल हो गए दुर्घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। घटनाक्रम के मुताबिक हेमराज पुत्र सुरेश निवासी पथरावा अपने चाचा रमेश को बाइक में बिठाकर खागा रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था ज्योंहि बाइक सवार नगर पंचायत अझुवा नवीन मंडी गेट के सामने पहुंचे बगल से गुजरने वाले कार चालक ने गेट खोल दिया जिससे बाइक सवार गेट से टकराकर सड़क पर गिर गए और लहूलुहान हो गए। मौके पर रहे लोगों ने घायलों को उपचार हेतु स्थानीय अस्पताल में भती कराया

### सड़क पर खड़ी पिकअप से टकराया बाइक सवार गम्भीर घायल

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कछुआ गांव के हाइवे मार्ग पर 18 03 2026 को शाम 7:30 बजे एक पिकअप चालक गाड़ी को सड़क पर खड़ी कर पिकअप की स्टेपनी बदल रहा था तभी अचानक बाइक सवार पिकअप से टकरा गया टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसमें बाइक सवार का पैर टूट गया मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस 108 को फोन किया गया और घायल हुए व्यक्ति को इलाज के लिए भेज दिया गया बाइक सवार बनारस से फतेहपुर जा रहा था।

### घर का ताला तोड़ कर जेवर नगदी सहित उठा ले गए लाखो

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सईगंज में राजेन्द्र गौतम पुत्र नन्कू लाल के घर 19 03 2026 की आधी रात घर के पीछे से दरवाजा की कुंडी तोड़ कर घर के अंदर घुसे चोर आलमारी बक्से का ताला तोड़ कर सोने की तीन लाकिट आधा किलो चांदी की करधनी 250 ग्राम चांदी की छागल 50 हजार रूपए नगद सहित लाखों की चोरी कर फरार हो गए स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस चौकी में दिया मौके पर चौकी प्रभारी व कांस्टेबल शिवांक मिश्रा ने विधिक कार्यवाही करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया हैं।

### नाबालिग बालिका को भगा कर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र से 12 मार्च को एक नाबालिग बालिका को मोहित कुमार बहला-फुसला कर भगा ले गया मंझनपुर कोतवाली में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ इसी क्रम में पीड़िता को बरामद करते हुये बयान व साक्ष्य के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 64(1) बीएनएस व 5ख(2)/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी हुई उपरोक्त क्रम में 19.03.2026 को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मोहित कुमार पुत्र प्रेम सरोज निवासी भेलखा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

## डायट में आईसीटी प्रशिक्षण के पंचम सोपान का समापन



**कौशाम्बी की धरा पर शिक्षा और तकनीक का संगम**

**हररायपुर कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में प्राचार्य निधि शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित दो दिवसीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण का पांचवां अध्याय गुरुवार को अपनी पूणर्ता को प्राप्त हुआ। यह केवल एक प्रशिक्षण नहीं,बल्कि कौशाम्बी के शिक्षा जगत में एक नव-विहान की पदचाप है।प्राचार्य निधि शुक्ला ने ज्ञान और विज्ञान के समन्वय पर बल दिया। उन्होंने कहा,शिक्षक वह दीपक है जो स्वयं जलकर दूसरों को आलोकित करता है,और वर्तमान युग में तकनीक वह घी है जो इस ज्योति को और अधिक प्रखर बनाएगी।उन्होंने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्र निर्माता बताते हुए उन्हें आधुनिक संसाधनों से लैस होने के लिए प्रेरित किया।?प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक डॉ.ओम प्रकाश सिंह एसआरजी ने शिक्षकों के भीतर की जिज्ञासा को प्रज्वलित किया। उन्होंने अत्यंत सूक्ष्मता से तकनीक के मर्म को समझाया,वहीं सहायक प्रशिक्षक सुनिष्ठा प्रजापति ने अपनी सहजता और कुशलता से डिजिटल जटिलताओं को सरलता में परिवर्तित कर दिया।? प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी शिक्षक सूर्यबली विनय जैसे शिक्षकों ने सहभागिता और नवाचारी सोच से सत्र को जीवंत बना दिया। इसे व्यवस्थित करने में नोडल प्रभारी नरेंद्र कुमार की भूमिका रही।?डिजिटल नवाचार के अंतर्गत आई-प्रेप का उद्घोष हुआ तो ?कायर्शाला का केंद्र बिंदु 'आई ऐप रहा,जिसे शिक्षा के क्षेत्र में एक 'कल्पवृक्ष' के समान प्रस्तुत किया गया। डॉ.ओम प्रकाश सिंह और सुनिष्ठा प्रजापति ने इसके विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला।

## गैंगेस्टर एक्ट में वांछित शातिर अपराधी रजनीश पाण्डेय गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सराय अकिल पुलिस टीम ने गैंग लीडर रजनीश पाण्डेय को गिरफ्तार किया अभियुक्त के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत था।गिरफ्तार अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या के प्रयास,जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी वसूली,जबरन उधारी वसूलने जैसे अपराध कर क्षेत्र में भय व आतंक फैलाता था। इसके विरुद्ध पूर्व में भी कई संगीन मामले दर्ज हैं,साथ ही यह थाना का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।अभियुक्त पर जनपद के विभिन्न थानों में जबरन वसूली, लूट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी व आर्म्स एक्ट सहित कुल 15 अभियोग पंजीकृत हैं पुलिस द्वारा अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया संयुक्त निरीक्षण व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

**कौशांबी।** जनपद न्यायाधीश ने निरीक्षण जे पी यादव,आस्था मिश्रा, सौम्या गिरी एवं अजितेश मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बोर्ड के सदस्यों ने जेल परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं तथा भोजन की गुणवत्ता का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बैरकों का निरीक्षण कर उनकी स्थिति का जायजा लिया तथा स्वच्छता व्यवस्था सही पायी गयी। बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सीय सुविधाओं, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं तथा जेल प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए।

### विवाहिता के आत्महत्या के आरोप में महिला गिरफ्तार

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के लहना गांव में 12 मार्च को एक विवाहिता ने पति जगजीत की प्रताड़ना से पीड़ित होकर शादी के 13 वर्ष बाद आत्महत्या कर लिया था भाई हरिश्चन्द्र निवासी बनीखास थाना व जनपद कौशाम्बी ने थाना करारी पर सूचना दी पूर्व में अभियुक्त जगजीत को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा जेल भेजा जा चुका है दिनांक 19.03.2026 को करारी थाना पुलिस ने वाछित अभियुक्ता मालती पत्नी रोशनलाल निवासिनी ग्राम लहना थाना करारी को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेजा गया।

## वैवाहिक विवादों में मुकदमे से पहले सुलह समझौता विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन




**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशांबी की पूर्व अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के आदेश अनुसार तहसील परिसर सिराथू में दिनांक 17.03.2026 को वैवाहिक विवादों में मुकदमे से पहले सुलह समझौता विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद कौशांबी की सचिव श्रीमती आस्था मिश्रा जी ने कहा कि जो भी घरेलू पति पत्नी विवाद के मुकदमे हैं उनको मध्यस्थता के माध्यम से सुलह समझौता के माध्यम से निपटारा कराया जा सकता है जिसके लिए आपको जिला विधिक सेवा प्राधिकार जनपद न्यायालय के कार्यालय में अपनी बात रख सकते इससे आपके समय की भी बचत होगी और कोर्ट के चक्कर भी नहीं काटने होंगे साथ ही किसी भी विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयंसेवकों से मिलकर भी मदद ली जा सकती। उप जिलाधिकारी सिराथू श्री योगेश गौड़ ने कहा कि पारिवारिक विवादों का निपटारे का सबसे अच्छा माध्यम मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से सुलह समझौता करा कर किया जा सकता है जिसमें ना तो आपको किसी वकील को कोई फीस की जरूरत है ना ही किसी प्रकार के कागजात की आसानी से आप अपने मामले का निदान कर सकते हैं।जिला प्रोबेशन कार्यालय से श्रीमती पूनम पाल एवं अंजू द्विवेदी जी ने जिला प्रोबेशन कार्यालय के द्वारा चलाया जा रहे विभिन्न योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह अनुदान योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी। एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत गरीब परिवार के लाभार्थियों को पहले की अपेक्षा अब ?100000 की एक मुफ्त धनराशि विवाह हेतु मुहैया कराई जा रही है।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती आस्था मिश्रा, उप जिलाधिकारी योगेंद्र कुमार गौड़, तहसीलदार विनय कुमार, डीपीओ ऑफिस से पूनम पाल,अंजू द्विवेदी पैनल अधिवक्ता अतुल कुमार श्रीवास्तव एवं पीएलवी ज्योत्सना सोनकर,सतीश सिंह के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस स्वच्छता पर विशेष कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय पाता मंझनपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम के पांचवे दिन शिविर की शुरुआत प्रातःकाल कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार के मार्गदर्शन में शिविरार्थियों के योगाभ्यास सूर्य नमस्कार अनुलोम विलोम शीर्षासन,पदमासन आदि से हुआ तत्पश्चात नास्ता वितरण किया गया एवं श्रम दान के लिए स्वच्छता समिति स्नेहा निर्मल,अंजली कुमारी निवेदिता,प्रीति राजवीर आदि के द्वारा अम्बेडकर नगर वॉर्ड क्षेत्र में मंदिर के पास एवं हैंड पम्प के पास स्वच्छता का कार्यक्रम किया गया । साथ ही स्वच्छता समिति के द्वारा ही शिविर में अनुशासन को संभाला और कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और जिसमें सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविका के द्वारा अपने अपने विचार दिये जिसमें कुछ स्वयं सेवकों ने अपने बारे में और कुछ पर्यावरण बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ ,स्वच्छता तो कुछ ने गानो के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए ,वहीं भोजन समिति शबनम , सोनाली संजना सोनी अमृता सिंह , नगीना देवी शैलेश राजेश्वरी,तनु आदि के द्वारा भोजन बनाया गया मध्यान भोजन के पश्चात बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए ।मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात साक्षरता विषय पर प्राथमिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, पीएम श्री योजना नवभारत योजना ,अटल आवासीय योजना आश्रम पद्धति विद्यालय आदि के विस्तार से चर्चा की बेसिक शिक्षा को शिक्षा की बुनियाद बताते हुए कहा कि यदि शिक्षा की मजबूत इमारत बनाने है प्राथमिक शिक्षा की बुनियाद अधिक मजबूत होनी चाहिए ताकि विकसित भारत की दिशा में बढ़ा जा सके बिना शिक्षा के कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता है नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत चौदह वर्ष के आयु से अधिक के व्यक्ति कभी भी साक्षर होके एक परीक्षा पास कर सकते है नवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं में भी आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जा रही है मुख्य अतिथि के अतिरिक्त मुख्य वक्ता डॉ संतोष कुमार साक्षरता विषय पर अपने बौद्धिक विचार प्रस्तुत किए । कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार ने अतिथियों का धन्यवाद किया । बौद्धिक सत्र के उपरांत अम्बेडक नगर वॉर्ड में साक्षरता विषय पर रैली निकाली गई एवं नुक्कड़ नाटक टीम करिश्मा नीलम , अंतिम, स्मिता अमृता रोशनी, रचना,नरेश श्रेया,गंगा,आदि के द्वारा साक्षरता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम का संचालन दीपांजली सिंह एवं अभिलेख के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में डॉ संतोष कुमार, डॉ अजय कुमार ,डॉ रीता दयाल डॉ शैलेश मालवीय, ओमप्रकाश मानवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# पांच राज्यों में चुनाव, कई सवाल

**देश** में एक बार फिर चुनावी हलचल तेज हो चुकी है। रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एक प्रेस वार्ता में असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। चुनाव अगले महीने 9 तारीख से शुरू होकर 29 अप्रैल तक चलेंगे। असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को और पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा, जबकि सभी राज्यों के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। जिस तरह महीने भर का चुनाव कार्यक्रम बनाया गया है, उसके बाद एक देश एक चुनाव जैसी बातें बेमानी ही लगती हैं। पिछले साल के चुनावों के वक्त भी ऐसा ही हुआ था और उससे पहले भी परिदृश्य ऐसा ही था कि कई चरणों में लंबी चुनावी प्रक्रिया चलती है। अगर स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनावों के लिए यह लंबी प्रक्रिया जरूरी है, तो उसमें कोई हर्ज नहीं है। मगर फिर एक देश एक चुनाव के लिए जनता के पैसों पर समिति बनाकर उसमें सेवानिवृत्त लोगों को भरने का क्या औचित्य है। जब जनता का ध्यान भटकाने के लिए कोई बात नहीं रह जाती है, तो अचानक नरेन्द्र मोदी को चुनावी खर्च बचाने के लिए एक देश एक चुनाव की बात याद आती है। मगर फिर वही ढाक के तीन पात! बहरहाल, चुनावों की घोषणा करने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से प्रेस कांफ्रेंस में जिस तरह के सवाल हुए, उनमें बार-बार यही नजर आया कि चुनाव आयोग की साख दरक चुकी है और उस पर भरोसा भी कम हुआ है। वहां मौजूद कई पत्रकारों ने एसआईआर, चुनावी हिंसा, भाजपा के दबाव आदि को लेकर सवाल किए। विपक्ष भी अक्सर यही सवाल उठाता है, लेकिन उसे जवाब की जगह उलाहना मिलती है। पत्रकारों के सवालों के जवाब तो ज्ञानेश कुमार ने दिए, मगर क्या वे कभी आत्ममंथन करेंगे कि उनसे ऐसे सवाल करने की नौबत क्यों आई। बहरहाल, प्रेस वार्ता में एक सवाल बंगाल चुनाव के सीमित चरणों पर हुआ। पिछली बार बंगाल में सुरक्षा का हवाला देकर आठ चरणों में चुनाव हुए थे, लेकिन इस बार केवल दो चरणों में हो रहे हैं। ज्ञानेश कुमार ने इस बारे में कहा कि, 'पश्चिम बंगाल में चुनाव पहले के आठ चरणों के बजाय दो चरणों में आयोजित किए जाने के संबंध में, आयोग ने विस्तृत विचार-विमर्श किया और अपने विवेक से यह पाया कि चरणों की संख्या कम करना और इसे उस स्तर तक लाना आवश्यक है जहां यह सभी के लिए सुविधाजनक हो...' अब ये तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा कि क्या प.बंगाल में दो चरणों में चुनाव का फैसला कारगर होता है या नहीं। वैसे चुनाव आयोग ने रविवार आधी रात को प.बंगाल में मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीना को उनके पदों से हटा दिया है। आयोग के आदेशानुसार नंदिनी चक्रवर्ती को चुनाव से जुड़े किसी भी काम से दूर रखा जाएगा। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस अधिकारी दुष्यंत नरियाल को नया मुख्य सचिव बनाया गया है। गृह विभाग में प्रधान सचिव के पद पर 1997 बैच की आईएएस अधिकारी संघमित्रा घोष को लगाया गया है।

# दूषित जलः विकास के दावों पर एक गंभीर प्रश्न

**-ः ललित गर्गः-**

**अक्सर** कहा जाता है कि जल ही जीवन है। किंतु यदि यही जल दूषित हो जाए तो क्या उसे जीवन का आधार कहा जा सकता है? सच तो यह है कि दूषित जल जीवन को बचाने के बजाय उसे संकट में डाल देता है। आज भारत सहित पूरी दुनिया में स्वच्छ जल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। विडंबना यह है कि जिस देश में नदियों को माता का दर्जा दिया जाता है और जल को जीवन का मूल तत्व माना जाता है, वहीं करोड़ों लोग आज भी स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। यह स्थिति केवल संसाधनों की कमी का परिणाम नहीं है, बल्कि कहीं न कहीं नीतिगत कमजोरियों, प्रशासनिक उदासीनता और विकास के असंतुलित मॉडल की भी देन है। पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। वर्ष 2019 में आरंभ हुआ जल जीवन मिशन इसी दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। इस योजना का उद्देश्य था कि देश के हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त नदियों की स्वच्छता के लिए नमामि गंगे जैसी परियोजनाएं भी शुरू की गईं। इन योजनाओं के कारण पाइपलाइन के माध्यम से जल आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2019 में केवल लगभग 16.7 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुंचता था, वहीं 2024 के अंत तक यह आंकड़ा 80 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया। यह उपलब्धि निस्संदेह महत्वपूर्ण है, किंतु केवल पाइपलाइन बिछा देने भर से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि जो पानी घरों तक पहुंच रहा है वह वास्तव में स्वच्छ और सुरक्षित भी हो।

दुर्भाग्य से जल गुणवत्ता के मोर्चे पर स्थिति उतनी संतोषजनक नहीं दिखाई देती। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पेयजल के नमूनों की जांच से यह तथ्य सामने आया है कि बड़ी मात्रा में जल प्रदूषित पाया गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि लिए गए दूषित नमूनों में से केवल लगभग एक चौथाई को ही शुद्ध करने के प्रयास किए गए। इसका अर्थ यह हुआ कि बड़ी संख्या में लोग अब भी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति हमारे विकास के दावों की तार्किकता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि जल जैसे बुनियादी संसाधन की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की जा सकती तो विकास की उपलब्धियां अधूरी ही मानी जाएंगी। पेयजल की गुणवत्ता का संकट केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। शहरी क्षेत्रों में भी यह समस्या बराबर देखने को मिलती है। महानगरों और बड़े शहरों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, पुरानी पाइपलाइन व्यवस्था और सीवेज प्रबंधन की कमजोरियों के कारण जल स्रोत लगातार प्रदूषित हो रहे हैं। कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन और सीवर लाइन एक-दूसरे के बेहद करीब बिछी हुई हैं। समय के साथ जब ये पाइपलाइन जर्जर हो जाती हैं तो सीवर का गंदा पानी पेयजल में मिल जाता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो जाता है। हाल के वर्षों में कई शहरों में दूषित पानी के कारण लोगों के बीमार पड़ने और यहां तक कि मौत होने की घटनाएं सामने आई हैं। मध्यप्रदेश के इंदौर जैसे शहर में हुई ऐसी घटनाओं ने इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया है। यह विडंबना ही है कि जो शहर स्वच्छता के लिए देश में बार-बार अग्रणी स्थान प्राप्त करता रहा है, वहीं दूषित जल के कारण लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आती हैं।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ लंबे समय से यह चेतावनी देते रहे हैं कि अधिकांश बीमारियों की शुरूआत पेट से होती है और दूषित जल इसका सबसे बड़ा कारण बनता है। दस्त, उल्टी, टाइफाइड, हैजा और पीलिया जैसी जलजनित बीमारियां आज भी लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। इन बीमारियों का सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सीमित होती है। ऐसे में दूषित पानी केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं रह जाता, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले लेता है। जल प्रदूषण के पीछे कई कारण हैं। औद्योगिक कचरे का बिना उपचार के नदियों और जलाशयों में छोड़ा जाना एक बड़ा कारण है। इसके अतिरिक्त शहरों से निकलने वाला अनुपचारित सीवेज भी बड़ी मात्रा में जल स्रोतों को प्रदूषित करता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार देश की सैकड़ों नदियों के अनेक नदी खंड जल गुणवत्ता के मानकों से नीचे पाए गए हैं। इसका अर्थ यह है कि हमारे जल स्रोत धीरे-धीरे प्रदूषण के गंभीर जाल में फंसते जा रहे हैं। दूसरी ओर, भूजल का अत्यधिक दोहन भी स्थिति को और जटिल बना रहा है। भारत दुनिया में सबसे अधिक भूजल निकालने वाले देशों में अग्रणी है। अत्यधिक दोहन के कारण न केवल जल स्तर गिर रहा है, बल्कि कई स्थानों पर भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक और अन्य हानिकारक रसायनों की मात्रा भी बढ़ती जा रही है।

विकास की अंधी दौड़ ने भी इस संकट को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तेजी से फैलते शहर, बढ़ते उद्योग और बढ़ती आबादी जल संसाधनों पर भारी दबाव डाल रहे हैं। लेकिन इसके समानांतर जल प्रबंधन की व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं हो पाई है। कई शहरों में सीवेज उपचार संयंत्रों की क्षमता पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण बड़ी मात्रा में गंदा पानी सीधे नदियों और झीलों में पहुंच जाता है। जब यही जल स्रोत पेयजल आपूर्ति का आधार बनते हैं तो स्वाभाविक रूप से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। दूषित जल का प्रभाव केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहता। इसका असर पूरे पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ता है। नदियों और झीलों में बढ़ते प्रदूषण से जलीय जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ जाता है। कई प्रजातियां धीरे-धीरे समाप्त होने के कगार पर पहुंच जाती हैं। इसके अतिरिक्त दूषित जल का उपयोग जब खेती में होता है तो वह मिट्टी की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है और अंततः खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मनुष्य तक पहुंचता है। इस प्रकार जल प्रदूषण का दायरा व्यापक और बहुआयामी है।

इस समस्या के समाधान के लिए केवल योजनाएं बना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन की भी आवश्यकता है। सबसे पहले पेयजल की गुणवत्ता की नियमित और पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए। जल के नमूने लेने की प्रक्रिया तभी सार्थक होगी जब प्रदूषित पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही जलापूर्ति और सीवेज व्यवस्था के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखना अनिवार्य किया जाना चाहिए। जिन शहरों और कस्बों में पाइपलाइन व्यवस्था दशकों पुरानी हो चुकी है, वहां उन्हें चरणबद्ध तरीके से बदलने का काम युद्धस्तर पर किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त औद्योगिक प्रदूषण पर कठोर नियंत्रण भी आवश्यक है। उद्योगों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका कचरा बिना उपचार के किसी भी जल स्रोत में न जाए। इसके लिए कड़े नियमों के साथ-साथ प्रभावी निगरानी तंत्र की भी जरूरत है। स्थानीय निकायों की जवाबदेही तय करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि कई बार जल आपूर्ति और उसकी गुणवत्ता की निगरानी दोनों की जिम्मेदारी उन्हीं के पास होती है। ऐसी स्थिति में पारदर्शिता की कमी हो जाती है।

निश्चिततौर यह समझना होगा कि स्वच्छ जल केवल सुविधा का विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। जिस प्रकार भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य को जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं में शामिल किया जाता है, उसी प्रकार स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता भी उतनी ही अनिवार्य है। यदि देश को वास्तव में स्वस्थ और समृद्ध बनाना है तो जल की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं तभी पूर्ण रूप से सफल मानी जाएंगी जब हर घर तक पहुंचने वाला पानी वास्तव में स्वच्छ और सुरक्षित होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि जल प्रबंधन को केवल सरकारी कार्यक्रमों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया जाए। जब तक समाज, प्रशासन और सरकार मिलकर इस दिशा में गंभीर प्रयास नहीं करेंगे, तब तक दूषित जल का संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाएगा। स्वच्छ जल की रक्षा दरअसल जीवन की रक्षा है, और यह जिम्मेदारी हम सभी की है।

# चुनाव आयोग ने 15 मार्च को विधानसभाई चुनावों के अगले चरण की तारीखों की घोषणा कर दी

**राजेंद्र शर्मा**

**वर्तमान** मामले में तो मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के प्रस्ताव पर पर्याप्त संख्या में सांसदों के हस्ताक्षर जमा होने के बाद, इसके किसी सदन में विचार के लिए स्वीकार किए जाने समेत, अनेकानेक चरणों से क्रमवार आगे बढ़ना बाकी है। इसलिए, इस प्रस्ताव का हश्र क्या होगा इस पर अटकल लगाने का कोई उपयोग नहीं है। वैसे भी जब वर्तमान चुनाव आयोग पर असली आरोप सत्ताधारी भाजपा के साथ पक्षपात करने का है।



चुनाव आयोग ने 15 मार्च को विधानसभाई चुनावों के अगले चरण की तारीखों की घोषणा कर दी। कहने की जरूरत नहीं है कि चुनाव आयोग ने इन तारीखों की घोषणा करने के लिए, चुनाव में जाने वाले राज्यों के प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव से ऐन पहले के दौरे के पूरे हो जाने का इंतजार किया। इस दौरे में प्रधानमंत्री ने हरेक राज्य में एक ओर परियोजनाओं के उद्द्घाटनों से लेकर घोषणाओं तक का सरकारी काम-काज किया और दूसरी ओर, अपनी पार्टी के पक्ष में राजनीतिक-चुनावी प्रचार किया। अपने चुनाव-पूर्व चुनाव प्रचार के दौरों के इस चक्र में प्रधानमंत्री मोदी ने 11 मार्च को केरल का दौरा किया। 12 मार्च को प्रधानमंत्री तमिलनाडु के दौरे पर रहे। 13 मार्च को असम में प्रधानमंत्री का घोषणा-प्रचार दौरा हुआ और 14 मार्च को प्रधानमंत्री प. बंगाल के दौरे पर पहुंचे, जहां मुश्किल से आधे भरे ब्रिगेड मैदान में रैली के साथ, उन्होंने अपने दौरे का समापन किया। और अगले ही दिन चुनाव आयोग ने विधानसभाई चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी।

बेशक, यह कोई पहली बार नहीं हुआ है जब चुनाव की तारीखों की घोषणा और प्रधानमंत्री के चुनाव-पूर्व प्रचार कार्यक्रम की तारीखों में ऐसा सटीक तालमेल हुआ हो। उल्टे, 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी राज की स्थापना के बाद से जितने भी महत्वपूर्ण चुनाव हुए हैं, उन सभी में यह सचेत तालमेल देखने को मिला है। वास्तव में अब तो यह इस हद तक सामान्य बनाया जा चुका है कि शुरू में कुछ चुनावों के मामले में इस पर सवाल उठाए जाने के बाद, धीरे-धीरे न सिर्फ मीडिया तथा टीकाकारों ने, बल्कि विरोधी राजनीतिक पार्टियों तक ने इस पर सवाल उठाना तक बंद कर दिया है। हैरानी की बात नहीं है कि इस बार भी, सोशल मीडिया पर छुटपुट टिप्पणियों को छोड़कर, चुनाव आयोग की इस कारगुजारी को शायद ही किसी ने ध्यान देने लायक समझा हो। राजनीतिक विश्लेषण सेवा लेकिन, ऐसा होने से चुनाव आयोग के इस खेल में निहित बेईमानी, किसी तरह से छोटी या महत्वहीन नहीं हो जाती है। उल्टे यह तो इसी का इशारा करता है कि किस तरह, चुनाव आयोग से एक संवैधानिक निकाय के रूप में स्वतंत्र तथा निष्पक्ष तरीके से काम करने की अपेक्षाएं, अब समाप्तप्रायः हैं। इसे देखते हुए हैरानी की बात नहीं है कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार, वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त, ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग के खिलाफ, लगभग समूचा विपक्ष औपचारिक रूप से अपना 'अविश्वास' जताने के लिए तैयार हो गया है और उसे हटाने के लिए संसद के सामने विधिवत रूप से प्रस्ताव लाया गया है।

सवाल यह नहीं है कि विपक्ष के चुनाव आयोग के खिलाफ इस तरह के कदम के सफल होने की कोई संभावनाएं हैं भी हैं या नहीं? भारत के संविधान निमार्ताओं ने, जनतंत्र के लिए स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव की और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए, हर प्रकार के दबावों से सुरक्षित चुनाव आयोग सुनिश्चित करने की मंशा से, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को हटाए जाने की प्रक्रिया को, पर्याप्त से अधिक कठिन बनाया है। हालांकि, संसद के हाथों में यह अधिकार सौंपा गया है, लेकिन संसद भी कोई साधारण बहुमत से चुनाव आयुक्तों को नहीं हटा सकती है। इसकी प्रक्रिया वैसी ही जटिल तथा अर्द्ध-न्यायिक है, जैसी उच्चतर न्यायालय के न्यायाधीशों के मामले में इंपीचमेंट की प्रक्रिया होती है।

वर्तमान मामले में तो मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के प्रस्ताव पर पर्याप्त संख्या में सांसदों के हस्ताक्षर जमा होने के बाद, इसके किसी सदन में विचार के लिए स्वीकार किए जाने समेत, अनेकानेक चरणों से क्रमवार आगे बढ़ना बाकी है। इसलिए, इस प्रस्ताव का हश्र क्या होगा इस पर अटकल लगाने का कोई उपयोग नहीं है। वैसे भी जब वर्तमान चुनाव आयोग पर असली आरोप सत्ताधारी भाजपा के साथ पक्षपात करने का है, संसद के दोनों सदनों में सत्तापक्ष की संख्या को देखते हुए, किसी चमत्कार से ही इस प्रस्ताव को कामयाबी मिल सकती है, अन्यथा इसका विफल होना तो तय ही है। इसके बावजूद, जिसमें इस प्रस्ताव का विफल होना तयशुदा होना भी शामिल है, इस प्रस्ताव का रखा जाना निरर्थक नहीं है।

इस प्रस्ताव का रखा जाना, मौजूदा हालात पर आलोचना की एक नैतिक आवाज है, जहां सत्ताधारी भाजपा और उसकी मोदीशाही ने, जनतंत्र को चलाने वाली सभी संस्थाओं को इस तरह भीतर से खोखला कर दिया है कि, उनकी साख ही खत्म हो गयी है। वर्तमान की विद्रूपताओं की ऐसी नैतिक आलोचना पेश करना ही, विपक्ष का असली काम है। वैसे तो जनमत निमार्ता के रूप में मीडिया का भी यही काम है, लेकिन मोदीशाही ने एक संस्था के रूप में मीडिया को पहले ही इस कदर खोखला कर दिया है कि वह वर्तमान की आलोचना करना भूल ही गया है और सिर्फ सत्ताधारियों की खुशामद करने के लायक रह गया है। प्रसंगवश कहते चलें कि ऐसी ही नैतिक आलोचना प्रस्तुत करने का काम, संसद के चालू सत्र में लोकसभा स्पीकर, ओम बिड़ला के खिलाफ आए अविश्वास प्रस्ताव ने किया था, जो कि स्वतंत्र भारत के इतिहास का इस तरह का तीसरा ही प्रस्ताव था। बेशक, वह अविश्वास प्रस्ताव विफल हो गया और ओम बिड़ला लोकसभा स्पीकर के पद पर बने हुए हैं।

याद रहे कि इससे पहले, राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ भी सदन में उनके पक्षपातपूर्ण आचरण के लिए, अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। लेकिन, उस प्रस्ताव को सदन में विचार के लिए स्वीकार ही नहीं किया गया, हालांकि इसके कुछ ही समय बाद धनखड़ ने अचानक राज्यसभा के सभापति तथा उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके कारणों को लेकर अब तक रहस्य बना ही हुआ है। अगर अविश्वास की इस तरह की अभिव्यक्तियां, वर्तमान व्यवस्था की जनतांत्रिक आलोचना का बहुत ही जरूरी हिस्सा हैं, तो बार-बार इस तरह अविश्वास जताए जाने की नौबत आना, बेशक वर्तमान जनतांत्रिक व्यवस्था के संकट की गहराई को दिखाता है। और अविश्वास की ऐसी अभिव्यक्तियों को भी अनसुना कर के मौजूदा व्यवस्था का उसी रास्ते पर चलते रहना, मिसाल के तौर पर ओम बिड़ला का या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश गुप्ता का, अपने ओहदे का पहले जितना ही पक्षपातपूर्ण तरीके से उपयोग करते रहना, वर्तमान शासन द्वारा रचे गए इस संकट के वर्तमान शासन के रहते असाध्य होने को ही दिखाता है।

खैर! विधानसभाई चुनावों के आगामी चक्र पर लौटें, जिसकी तारीखों की 15 मार्च को चुनाव आयोग ने घोषणा की है। इन तारीखों को तय करने में भी चुनाव आयोग की अतार्किक मनमानी की ओर अनेक टिप्पणीकारों ने ध्यान खींचा है। मिसाल के तौर पर असम, केरल तथा पुडुचेरी के चुनाव, एक ही चरण में 9 अप्रैल को हो जाएंगे। इसके पूरे 14 दिन बाद, 23 अप्रैल को तमिलनाडु के चुनाव होंगे और प. बंगाल के पहले चरण के चुनाव होंगे। प. बंगाल के दूसरे चरण के चुनाव 29 अप्रैल को होंगे और इसके पांच दिन बाद, 4 मई को वोटों की गिनती की जाएगी। इसका नतीजा यह है कि असम, केरल तथा पुडुचेरी को मतदान के बाद, नतीजों के लिए पूरे 25 दिन इंतजार करना पड़ेगा। ऐसा क्यों? अनेक टिप्पणीकारों ने इस पर भी सवाल उठाए हैं कि आखिरी चरण के मतदान और मतगणना के बीच पांच दिन का अंतर क्यों? जब ईवीएम से पहले के जमाने में, मतदान के एक-डेढ़ दिन में ही मतगणना शुरू हो जाती थी, तो ईवीएम मशीनों के जमाने में मतदान और मतगणना में इतना लंबा अंतराल क्यों जरूरी है? यह भी याद दिला दें कि विशेष रूप से 2024 के आम चुनाव के बाद से, चुनाव आयोग ने मतदान की शाम के बाद, मतगणना के दिन तक मत फीसद का आंकड़ा बढ़ाने को जैसे नियम ही बना लिया है, जिसका कोई विश्वसनीय स्पष्टीकरण अब तक नहीं दिया गया है। इसी प्रकार कोई विश्वसनीय स्पष्टीकरण, कुल डाले गए वोटों और गिने गए वोटों की संख्या बेमेल होने की, अधिकांश चुनाव क्षेत्रों में सामने आने वाली समस्या का भी नहीं दिया गया है। चुनाव आयोग के आम पक्षपातीपन के साथ जुड़कर यह सब, चुनाव की पूरी प्रक्रिया को ही गहरे संदेहों के घेरे में ले आता है।

और अंत में एक बात और। खासतौर पर प. बंगाल और असम में प्रधानमंत्री के 13-14 मार्च के दौरे और उसके पहले गृहमंत्री अमित शाह के दौरों से साफ हो गया है कि भाजपा, कम से इन दोनों राज्यों में यह चुनाव सबसे बढ़कर तथाकथित बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर लड़ने जा रही है।

# गोपाल दास पुल के पास चार पहिया वाहन खड़ी करके ट्रैफिक को किया जाता है बाधित




**सुल्तानपुर, : शहर** के व्यस्त इलाके में स्थित गोपाल दास पुल के आसपास हाल के दिनों में एक गंभीर समस्या उभरकर सामने आई है। स्थानीय लोगों और राहगीरों की शिकायत है कि कुछ लोग जानबूझकर चार पहिया वाहनों (कारों) को पुल के दोनों ओर और आसपास की सड़क पर गलत तरीके से खड़ी कर देते हैं, जिससे ट्रैफिक पूरी तरह बाधित हो जाता है।यह पुल बस स्टैंड के नजदीक है और यहां से गुजरने वाले वाहनों की संख्या बहुत अधिक होती है। दिन के व्यस्त समय में जब वाहन पुल पर चढ़ते-उतरते हैं, तब गलत पार्किंग के कारण जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार तो वाहन सड़क के बीचों-बीच या गलत साइड पर खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे आने-जाने वाले अन्य वाहनों को काफी परेशानी होती है। इससे न केवल समय की बबार्दी होती है, बल्कि दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या लगातार बनी हुई है। कुछ लोग बाजार, दुकानों या निजी कामों के सिलसिले में वाहन यहां खड़े कर देते हैं।

# भदोही में गांजा तस्करी का भंडाफोड़: चार गिरफ्तार, 28 किलो से अधिक माल बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज (भदोही)। औराई** पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 28 किलो गांजा, नगदी, मोबाइल फोन और एक कार बरामद की है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया।





पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में औराई थाना पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान लालानगर टोल से चकवा मार्ग पर संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से तीन बैग में कुल 28 किलो 362 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपियों में धीरेन्द्र कुमार पटेल, मुकेश कुमार पटेल, श्याम कुमार भारतीया और आशीष पटेल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, मुकेश कुमार पर पांच हजार रुपये और श्याम कुमार पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ से सस्ते दाम पर गांजा खरीदकर लाते थे और प्रयागराज में ऊंचे दाम पर बेचते थे। इस अवैध कारोबार में वाहन मालिक समेत अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

## दिव्यांग बच्चों की मुस्कान से भावुक हुआ माहौल, मैरिज लॉन में सजी मानवता की मिसाल

**सुलतानपुर**



धम्मौर क्षेत्र के भांई गांव स्थित एम.एस. मैरिज लॉन में मानवता और संवेदनशीलता की अनूठी तस्वीर देखने को मिली। मानसिक मंदित संस्थान रूरल इन्फारमेटिक एंड सोशल हारमोनी एकेडमी के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम ने हर किसी को भावुक कर दिया।मैरिज लॉन प्रबंधक मकसूद खान उर्फ मस्सन की पहल पर हुए इस आयोजन में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। तालियों की गूंज के बीच बच्चों की मुस्कान ने माहौल को भावनाओं से भर दिया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बच्चों को वस्त्र वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा, दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सबसे बड़ी सेवा है। ऐसे आयोजन समाज को संवेदनशील बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को भोजन भी कराया गया।

## ग्राम समाज की जमीन पर कोटेदार का कब्जा, पांच घर होने के बावजूद लेखपाल एक घर दिखाकर गरीब बता रहे

**सुल्तानपुरः तहसील** कादीपुर अंतर्गत ग्राम नारा मधईपुर में कोटेदार सुरेश यादव पुत्र रामाशंकर यादव द्वारा ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला लगातार गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सुरेश यादव ने ग्राम समाज की बहुमूल्य भूमि पर कब्जा कर उस पर पांच मकान बना रखे हैं, फिर भी प्रशासन और लेखपाल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी सुरेश यादव के पास कुल पांच मकान हैं, जिनमें से अधिकांश हाल के वर्षों में बने हैं। इसके अलावा उनके पास चार छप्पर, ट्रैक्टर, चार पहिया वाहन और परिवार में पांच सरकारी नौकरियां हैं। लेकिन लेखपाल द्वारा तहसील को दी गई रिपोर्ट में केवल एक मकान दिखाकर आरोपी को गरीब परिवार का सदस्य बताने की कोशिश की गई है, जबकि वास्तविकता इससे कोसों दूर है।मामले की शुरूआत 6 अगस्त 2022 को लेखपाल द्वारा तहसील में मुकदमा दर्ज कराने से हुई थी। पूर्व तहसीलदार मयंक मिश्रा ने 25 नवंबर 2023 को बेदखली का आदेश दिया था, लेकिन आरोपी ने री-अपील दायर कर कार्रवाई को टाल दिया।

# रामनवमी पर जगमगाएगा चित्रकूट, 22 लाख दीपों से सजेगा आस्था का आकाश

- चित्रकूट गौरव दिवस बनेगा दीपोत्सव
- रामघाट से कामदगिरि तक रोशनी की गंगा

**अखंड भारत संदेश**



बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** चैत्र मास की पावन बेला में 27 मार्च को पड़ने वाली राम नवमी इस बार चित्रकूट में भव्य गौरव दिवस के रूप में इतिहास रचने जा रही है। मंदाकिनी तट स्थित रामघाट और कामदगिरि परिक्रमा मार्ग, जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश दोनों की सीमाओं में फैले हैं, आस्था के विराट दीपोत्सव के साक्षी बनेंगे। प्रशासन, संत-महात्माओं और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक में इस बार 22 लाख दीप प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य तय किया गया है- दोनों राज्यों में 11-11 लाख दीपों से चित्रकूट का हर कोना जगमगाने की तैयारी है। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार की अगुवाई में आयोजित इस समन्वय बैठक में दोनों जिलों के अधिकारी, नगर निकाय, सामाजिक संगठन और धमार्चार्य एक मंच पर नजर आए। तय हुआ कि न केवल रामघाट और प्रमुख धार्मिक स्थलों को दीपों से सजाया जाएगा, बल्कि नगर के प्रत्येक घर में कम से कम पांच दीप जलाकर इस उत्सव को जनभागीदारी का प्रतीक बनाया जाएगा। सड़कों पर भव्य लाइटिंग, आकर्षक प्रवेश द्वार, रंगोलियां, दीवारी नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ग्रीन आतिशबाजी इस आयोजन को अलौकिक रूप देंगे। यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता और दो राज्यों के समन्वय का जीवंत उदाहरण बनने जा रहा है। प्रशासन ने इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार की भी रणनीति बनाई है। अब देखना यह है कि आस्था की इस रोशनी में नहाकर चित्रकूट किस तरह एक नए कीर्तिमान को जन्म देता है, जहां हर दीप केवल उजाला नहीं, बल्कि गौरव, एकता और श्रद्धा की कहानी कहेगा।

# रामनगर झील बनेगी पर्यटकों का नया ठिकाना 3.56 करोड़ की परियोजना अंतिम दौर में

जिले को मिलेगा नया पर्यटन हब

**अखंड भारत संदेश**




रामनगर झील परियोजना में बना सेल्फी प्वाइंट

**चित्रकूट।** जिले में पर्यटन को नई पहचान देने वाली रामनगर झील इको टूरिज्म परियोजना अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर कराए गए भौतिक सत्यापन में सामने आया कि 3.56 करोड़ की इस महत्वाकांक्षी योजना का लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्य द्वार, कैंटीन ब्लॉक, चिल्ड्रन पार्क, बेंच, सोलर लैंप, गार्डन लाइट, पैडल बोट और रिटेनिंग वॉल जैसे प्रमुख कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि सेल्फी प्वाइंट, साइन बोर्ड और इंटरप्रिटेशन सेंटर का काम तेजी से जारी है। अप्रैल-मई 2026 तक परियोजना पूर्ण होने का दावा किया गया है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यह परियोजना पूरी होते ही चित्रकूट आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बनेगी।

# मध्यस्थता अभियान में सुलह की दस्तक जेल में जागरूकता से बदली तस्वीर

- 850 वाद चिन्हित, 54 में सुलह
- न्याय व्यवस्था ने दिखाई नई राह

**अखंड भारत संदेश**



मध्यस्थता अभियान 2.0 में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले में न्याय व्यवस्था ने एक नई दिशा पकड़ते हुए मध्यस्थता अभियान 2.0 के तहत सुलह और समाधान की मिसाल पेश की है। जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न न्यायालयों से अब तक 850 वाद चिन्हित किए गए, जिनमें 54 मामलों में पक्षकारों के बीच समझौता हो चुका है, जो न्यायिक प्रक्रिया को सरल और मानवीय बनाने की ओर बड़ा संकेत है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चौधरी ने जिला कारागार का निरीक्षण कर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया। जेल लीगल एड क्लीनिक की समीक्षा के साथ महिला बैरक में बंद 16 महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई और उन्हें निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी गई। कैदियों को बताया गया कि वे अपनी समस्याएं पैरालीगल वालंटियर्स के माध्यम से प्राधिकरण तक पहुंचा सकते हैं। साथ ही जमानत के बाद भी रिहाई की प्रतीक्षा कर रहे बंदियों के मामलों में तेजी लाने पर जोर दिया गया। यह पहल न केवल न्याय को सुलभ बना रही है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को अधिकारों के प्रति जागरूक कर न्याय के मानवीय स्वरूप को भी मजबूत कर रही है।

## 25 मार्च तक अंक अपलोड न हुए तो प्रिंसिपल जिम्मेदार, नहीं मिलेगी राहत

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के निदेशों का हवाला देते हुए जनपद के सभी प्रधानाचार्यों को कड़ा संदेश दिया है कि हाई स्कूल के आंतरिक मूल्यांकन तथा इंटरमीडिएट के नैतिक, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा के प्राप्तांक परिषद की वेबसाइट पर हर हाल में 25 मार्च तक अपलोड किए जाएं। चेतावनी साफ है निर्धारित तिथि के बाद पोर्टल बंद हो जाएगा और किसी भी स्थिति में अंक अपलोड नहीं हो सकेंगे। यदि देरी या लापरवाही के कारण किसी छात्र का परीक्षा परिणाम प्रभावित होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रधानाचार्य की होगी, जिससे शिक्षा विभाग ने जवाबदेही की रेखा और स्पष्ट कर दी है।

# संसाधन कम, हौसले बुलंद- उफरौली विद्यालय बना ग्रामीण शिक्षा का चमकता सितारा

- उफरौली विद्यालय बना मिसाल
- मिट्टी से उठकर चमका स्कूल

**अखंड भारत संदेश**



बच्चों के साथ उफरौली विद्यालय के प्रधानाचार्य

**चित्रकूट।** जिले का प्राथमिक विद्यालय उफरौली आज ग्रामीण शिक्षा की उस बदलती तस्वीर का प्रतीक बन गया है, जहां सीमित संसाधनों के बावजूद सपनों को पंख मिल रहे हैं। वर्ष 2016 में प्रधानाध्यापक के रूप में नियुक्त राजू यादव के नेतृत्व में यह विद्यालय लगातार तीन वर्षों से निपुण विद्यालय का दर्जा प्राप्त कर चुका है और अब नवाचार, गुणवत्ता व संस्कार की मिसाल बनकर उभरा है। वर्ष 2026 की जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा में दो छात्राओं- आस्था मिश्रा और आशी- का चयन तथा आस्था का विद्याज्ञान की मुख्य परीक्षा तक पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि यहां शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं। अब तक 11 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन इस सफलता को और मजबूत करता है। विद्यालय की अनूठी पहल-बैंक ऑफ उफरौली- बच्चों को जिम्मेदारी, नेतृत्व और सहयोग का पाठ पढ़ा रही है, जहां छात्र स्वयं मैनेजर और कैशियर बनकर जरूरतमंद साथियों की मदद करते हैं। छह शिक्षकों की समर्पित टीम, इको क्लब, मीना मंच, खेल-कला में सक्रिय भागीदारी और एआई आधारित शिक्षण ने इस स्कूल को अलग पहचान दी है। एजुकेट गर्ल्स, सम्पर्क फाउण्डेशन, पानी और पेट्रोल जैसे संगठनों का सहयोग इसे और सशक्त बना रहा है। एजुलीडर अवार्ड से सम्मानित प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में उफरौली विद्यालय यह साबित कर रहा है कि यदि सोच मजबूत हो तो गांव की पाठशाला भी प्रदेश की प्रेरणा बन सकती है।

## लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर सपा जिलाध्यक्ष ने निकाली सीएमओ की हेकड़ी, भाजपाई बने तमाशबीन

फटकार से जागा स्वास्थ्य महकमा, 10 मिनट में दौड़ पड़ा शव वाहन



सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव

**चित्रकूट।** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली एक बार फिर उजागर हो गई, जब तीन पीड़ित परिवार अपने परिजन के शव को ले जाने के लिए घंटों भटकते रहे, लेकिन सरकारी शव वाहन एक हफ्ते से खराब होने के बावजूद किसी जिम्मेदार को इसकी चिंता नहीं थी। शोक में डूबे परिवार की परेशानी उस समय और बढ़ गई जब मदद के लिए कोई सामने नहीं आया। तभी सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव को एक परिजन का रोता हुआ फोन आया, जिसने पूरे सिस्टम की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया। मामला गंभीर होते ही शिवशंकर यादव, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद सपा जिलाध्यक्ष ने सीएमओ को फोन पर कड़ी फटकार लगाते हुए साफ चेतावनी दी कि यदि 10 मिनट के भीतर शव वाहन की व्यवस्था नहीं हुई तो वह सैकड़ों लोगों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे। चेतावनी का असर ऐसा हुआ कि कुछ ही मिनटों में वैकल्पिक शव वाहन की व्यवस्था कर दी गई। यह घटना न केवल स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि सिस्टम तब ही जागता है जब उस पर दबाव बनाया जाता है।

# ओवरलोड ट्रकों की कार्रवाई मे खुली पुलिसिया सिस्टम की परतें, कोतवाल लाइन हाजिर, मचा हड़कंप

- 90 हजार का डिजिटल खेल पड़ा भारी
- कार्रवाई के नाम पर वसूली का पर्दाफाश




आरोपी तत्कालीन सदर कोतवाल व ऑनलाइन पेमेंट रीशीट

**चित्रकूट।** जिले में ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई के दौरान कथित ऑनलाइन लेनदेन के मामले ने पुलिस महकमे की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सदर कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप पटेल को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार देर रात लाइन हाजिर कर दिया गया। आरोप है कि 17 मार्च को दो ओवरलोड ट्रकों को पकड़ने के बाद प्रभारी निरीक्षक ने 90 हजार रुपये एक दुकानदार के खाते में ऑनलाइन मंगवाए। मामला उजागर होते ही विभाग में खलबली मच गई और जांच के आदेश दिए गए। प्रारंभिक जांच में आरोपों को गंभीर मानते हुए तत्काल कार्रवाई की गई, जिसने पूरे महकमे को झकझोर दिया है। यह पहला मामला नहीं है जब ओवरलोडिंग की आड़ में अवैध वसूली के आरोप सामने आए हों, लेकिन इस बार डिजिटल लेनदेन ने पूरे खेल को और भी संदिग्ध बना दिया है। सवाल है कि क्या अब वसूली भी हाईटेक हो चुकी है? फिलहाल नए कोतवाल की तैनाती नहीं हुई है और कोतवाली का कामकाज अस्थायी रूप से संभाला जा रहा है। इस कार्रवाई को विभागीय अनुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है, वहीं जारी जांच से और बड़े खुलासों की संभावना भी जताई जा रही है।

# नोनमई में जल चेतना का उत्सव, हर घर जल का सपना हुआ साकार

- बूंद-बूंद में भविष्य की तस्वीर
- जल महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

**अखंड भारत संदेश**




नोनमई में जल चेतना में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले के रामनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम नोनमई में जल जीवन मिशन के तहत आयोजित जल महोत्सव एवं जल अर्पण दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जल संरक्षण को जनांदोलन में बदलने का सशक्त प्रयास बनकर उभरा। सिलौटा मुस्तकिल पेयजल योजना के अंतर्गत आयोजित इस आयोजन में जल पदयात्रा, जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान और जल गुणवत्ता परीक्षण के माध्यम से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल और जल संरक्षण के महत्व से रूबरू कराया गया। मेरी पंचायत ऐप के जरिए योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं जल वंदना, जल बंधन और जल अर्पण जैसे प्रतीकात्मक आयोजनों ने माहौल को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने जल प्रबंधन में उनकी अहम भूमिका को रेखांकित किया, जबकि जल सखी और नल जल मित्रों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। मुख्य अतिथि विधायक ने वर्षा जल संचयन और जल स्रोतों के संरक्षण पर जोर देते हुए इसे जनभागीदारी से जोड़ने की अपील की। योजना के तहत खजुरिया खुर्द पंचायत में 346 घरों तक नल कनेक्शन पहुंच चुके हैं, जिससे हर घर जल का सपना साकार होता दिख रहा है। अंततः पूरे गांव ने एक स्वर में संकल्प लिया- जल बचेगा, तभी भविष्य सुरक्षित रहेगा।

# न टेंडर, न पट्टा- फिर भी धड़ल्ले से हो रहा खनन बागें नदी में मोरम माफिया का बोलबाला



वयरल वीडियो में खनन में लिप्त ट्रैक्टर

**चित्रकूट।** जिले में अवैध खनन का खेल अब खुलेआम चुनौती बन चुका है, जहां जिम्मेदार विभाग अनजान बने बैठे हैं और बागें नदी का सीना बेरहमी से चीरा जा रहा है। बिना किसी टेंडर और वैध पट्टे के मोरम का खनन धड़ल्ले से जारी है, और हैरानी की बात यह है कि दिनदहाड़े एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों के जरिए नदी से मोरम निकालकर बाहर भेजा जा रहा है। ग्रामीणों ने इस पूरे खेल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है, जिससे अवैध खनन की सच्चाई अब छिपी नहीं रह गई। हांलांकि यह समाचार वीडियो की पुष्टि नही करता। वायरल वीडियो में साफ दिखाई देता है कि किस तरह नदी के भीतर से बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है और ट्रैक्टरों की कतारें बेखौफ आवाजाही कर रही हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि जब यह सब कुछ खुलेआम हो रहा है, तो जिम्मेदार विभाग और स्थानीय पुलिस आखिर क्यों खामोश हैं। सूत्रों के अनुसार इस अवैध खनन से सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है, जबकि खनन माफिया निर्भीक होकर अपना कारोबार चला रहे हैं। स्थानीय पुलिस की कार्यशैली भी संदेह के घेरे में है, क्योंकि इतनी बड़ी गतिविधि उनकी नजर से दूर रहना संभव नहीं लगता। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहेगा या फिर जमीनी स्तर पर ठोस कदम उठाकर इस अवैध खनन पर रोक लगाएगा। फिलहाल बागें नदी की धारा के साथ-साथ सवाल भी तेजी से बह रहे हैं, जिनका जवाब प्रशासन को देना ही होगा। वहीं जब इस संबंध में खनिज अधिकारी को फोन किया गया तो उनका फोन नही उठा।

## मानिकपुर में दर्दनाक हादसा, तालाब ने निगल ली 19 साल की जिंदगी

**मानिकपुर/चित्रकूट।** तहसील के रामपुर कल्याणगढ़ गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया, जहां 19 वर्षीय बेदमुनि की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बुधवार शाम वह अपनी भैंस को नहलाने के लिए गांव के तालाब गया था, लेकिन गहरे पानी में समा गया। देर शाम भैंस तो खुद घर लौट आई, पर बेदमुनि के न आने से परिजनों को अनहोनी का अंदेशा हुआ। रातभर परिवार और ग्रामीणों ने उसकी तलाश की, लेकिन गुरुवार सुबह करीब 6 बजे तालाब में उसका शव दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है, जिससे गांव में मातम पसरा है।

# दो दिन में 15 हजार कॉपियां चेक, चित्रकूट में तेज रफ्तार से दौड़ा मूल्यांकन चक्र

दो दिन में हजारों कॉपियां जांची गईं, शिक्षा का रणक्षेत्र बना मूल्यांकन केंद्र



मूल्यांकन टीम

**चित्रकूट।** जिले के चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी स्थित मूल्यांकन केंद्र इन दिनों शिक्षा का एक ऐसा रणक्षेत्र बना हुआ है, जहां समय के खिलाफ दौड़ते हुए परीक्षक विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में जुटे हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेज गति से जारी है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर के अनुसार महज दो दिनों में करीब 15 हजार कॉपियों का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है, जिनमें हाईस्कूल की 7099 और इंटर की 7625 उत्तर पुस्तिकाएं शामिल हैं। उप नियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि इस कार्य में 235 हाईस्कूल और 217 इंटर के परीक्षक लगाए गए हैं, जिन्हें 34 और 22 टोलियों में विभाजित किया गया है। हर टोली में उप प्रधान परीक्षक की निगरानी में कॉपियों की बारीकी से जांच की जा रही है। खास बात यह है कि प्रत्येक जांची गई कॉपी का रोजाना अंकेक्षण भी कराया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे। स्टेटिक मजिस्ट्रेट शशांक शेखर शुक्ला की निगरानी में पूरा केंद्र अनुशासन और पारदर्शिता का उदाहरण बना हुआ है, जहां हर अंक विद्यार्थियों के भविष्य की जिम्मेदारी बनकर सावधानी से दर्ज किया जा रहा है।

# हमसे न हो पाएगा, तालिबान से निपटने में लगे हैं, आप अपना खुद देख लो...

**पाकिस्तान**
**ऑपरेशन** सिंदूर के 132 दिन बाद पाकिस्तान और सऊदी अरब ने 17 सितंबर 2025 को एक डिफेंस डील साइन की थी। डिफेंस अग्रीमेंट ये भी कहता है कि अगर एक देश पर हमला हुआ तो दूसरा देश उसे खुद पर भी हमला मानेगा। उसी दिन समझ आ गया था कि इस पूरे खेल में एक अनकहा नाम ईरान भी शामिल है। इस समझौते के साथ रावलपिंडी-इस्लामाबाद की सत्ता मिडिल ईस्ट की जटिल भूलभुलैया में फंस गई, जिसकी कीमत अब 400 अफगानों की जान देकर चुकानी पड़ी, जबकि शुरू से साफ था कि सऊदी अरब पाकिस्तान की किसी भी जंग में सीधे नहीं कूदेगा, बल्कि उसकी असली दिलचस्पी पाकिस्तानी सेना एक तरह की किराए की ताकत और उसके परमाणु सुरक्षा कवच में है और अरबों डॉलर के कर्ज के सहारे अब वही पाकिस्तान की शर्तें भी तय कर रहा है। 17 सितंबर, 2025 को पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ सामरिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते की सटीक शर्तें कभी सार्वजनिक नहीं की गईं, लेकिन व्यापक रूप से कहें तो, एक पर हमला दूसरे पर हमला माना जाएगा। परमाणु हथियार रखने वाला एकमात्र इस्लामी राष्ट्र पाकिस्तान, आवश्यकता पड़ने पर सऊदी अरब के लिए अपने हथियारों का इस्तेमाल करेगा। लेकिन इजरायल अमेरिका और ईरान युद्ध में तेहरान की तरफ से लगातार खाड़ी देशों को निशाना बनाया जा रहा है। सऊदी भी इसकी चपेट में आया, लेकिन इस पूरे परिदृश्य से उसे सुरक्षा कवच का वादा देने वाला पाकिस्तान अदृश्य नजर आ रहा है।
घरेलू स्तर पर, इसका इस्तेमाल एक बात साबित करने के लिए किया जा सकता था। पाकिस्तान एक ऐसे देश को अपने परमाणु हथियारों की सुरक्षा का आश्वासन दे रहा था जहाँ इस्लाम के दो सबसे पवित्र स्थल - मक्का और मदीना स्थित हैं। हालाँकि, इस सुरक्षा गारंटी ने पाकिस्तान को मध्य पूर्व के परिदृश्य में ला खड़ा किया। सुन्नी बहुल सऊदी अरब, ईरान का कट्टर प्रतिद्वंद्वी है, जो इस क्षेत्र में शिया ताकतों का गढ़ है। दक्षिण एशिया की विशेषज्ञ इतालवी पत्रकार फ्रांसेस्का मारिनो ने 16 मार्च को एक्स पर लिखा कि सूत्रों के हवाले से फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने मोहम्मद बिन सलमान को बताया है कि पाकिस्तानी सेनाएँ अफगानिस्तान क्षेत्र में भारी व्यस्तता से जूझ रही हैं, इसलिए उनके पास सऊदी अरब को संसाधन भेजने के लिए समय नहीं है। इन्हीं सूत्रों का यह भी कहना है कि एमबीएस को पाकिस्तान की उन चालाक योजनाओं का आभास हो गया है, जिनके तहत वह अफगानिस्तान के साथ अपनी सीमा को सक्रिय करके वहाँ रक्षा संसाधन भेजने से बचना चाहता है।



मैरिनो ने कहा कि सऊदी क्राउन प्रिंस एमबीएस ने "वास्तव में आसिम मुनीर और शहजाद शरीफ को दो-तीन बार फोन करके इस संबंध में अपनी निराशा व्यक्त की थी। 28 फरवरी को, जिस दिन ईरान पर हमला हुआ और उसने जवाबी हमला किया, उसी दिन सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की। पाकिस्तान हमेशा गोल-मोल जवाब देकर बचता रहा है
ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस, जहां अमेरिका का सैन्य अड्डा है, रियाद स्थित अमेरिकी दूतावास, तेल क्षेत्रों और ऊर्जा अवसंरचना पर हमला किया।
7 मार्च को सऊदी रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने रियाद में पाकिस्तान के रक्षा बलों के प्रमुख सैयद आसिम मुनीर से मुलाकात की। 12 मार्च को शरीफ और मुनीर ने जेद्दा में बिन सलमान से मुलाकात की। मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर हुई इस बैठक में शरीफ ने रियाद को "पूर्ण एकजुटता और समर्थन" देने का आश्वासन दिया। स्थिति बेहद गंभीर थी।

# ईरान ने साफ शब्दों में यूएसए, इजराइल' को दी चेतावनी- "युद्ध हमने शुरू नहीं किया, लेकिन इसे खत्म हम ही करेंगे"

**इजराइल**
**पश्चिम** एशिया इस समय आग के दरिया में बदल चुका है और हालात हर गुजरते पल के साथ और भी भयावह होते जा रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी और बसिज बल के प्रमुख गोलाम रजा सुलेमानी को मार गिराया है। यदि यह दावा सच साबित होता है तो यह ईरान की सत्ता संरचना पर एक और जबरदस्त प्रहार होगा, क्योंकि इससे पहले फरवरी के अंत में हुए हमलों में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे जा चुके हैं।
हम आपको बता दें कि अली लारिजानी केवल एक नेता नहीं थे, बल्कि ईरान की रणनीतिक सोच का अहम चेहरा माने जाते थे। वह राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव थे और खामेनेई के बेहद करीबी सलाहकार भी रहे। उनकी मौजूदगी ईरान के राजनीतिक और सैन्य संतुलन के लिए बेहद जरूरी मानी जाती थी। ईरान ने अब तक उनकी मौत की पुष्टि नहीं की है। इस बीच उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर एक हस्तलिखित संदेश पोस्ट किया गया, जिसमें नौसेना के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, लेकिन यह संदेश इजराइल के दावे को झुठलाने में नाकाम रहा। दूसरी ओर, गोलाम रजा सुलेमानी की मौत का दावा भी बेहद अहम है। बसिज बल को ईरान के अंदरूनी विरोध को कुचलने वाली ताकत माना जाता है। इस बल पर आरोप है कि उसने प्रदर्शनकारियों पर कड़ी कार्रवाई की और व्यापक गिरफ्तारियां कीं। ऐसे में सुलेमानी का खत्म होना ईरान की आंतरिक पकड़ को कमजोर कर सकता है। इजराइल ने इसे ईरान की कमान और नियंत्रण व्यवस्था पर बड़ा प्रहार बताया है।



हम आपको यह भी बता दें कि इजराइल के हमले केवल नेताओं तक सीमित नहीं हैं। उसने तेहरान, शिराज और तबरीज जैसे शहरों में एक साथ हमले कर ईरान के सुरक्षा ठिकानों, मिसाइल भंडार और ड्रोन अड्डों को निशाना बनाया। यह स्पष्ट संकेत है कि यह युद्ध अब पूरी तरह खुला और आक्रामक हो चुका है। जवाब में ईरान भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। उसने लगातार मिसाइल हमले किए, जिनके चलते इजराइल के कई हिस्सों में सायरन बज उठे और धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। इस संघर्ष का असर खाड़ी देशों को भी बड़ा नुकसान पहुँचा रहा है। अबू धाबी में मिसाइल अवरोध के मलबे से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि कुवैत में दो लोग घायल हुए। दोहा और दुबई में भी धमाकों की आवाजें सुनी गईं। यह साफ संकेत है कि यह युद्ध अब क्षेत्रीय दायरे से निकलकर व्यापक खतरे में बदल रहा है।
इसी बीच अल्बानिया ने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है और ईरान को आतंकवाद समर्थक देश बताया है। यह कदम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान के खिलाफ बढ़ते दबाव को दशार्ता है। पहले ही कई पश्चिमी देश इस बल को लेकर सख्त रुख अपना चुके हैं।

# बीएलए के समन्वित हमलों में 25 से ज्यादा सैनिक ढेर

**पाकिस्तान**
**बलूच** लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के मीडिया विंग हक्कल द्वारा जारी एक बयान में, समूह ने 14 से 16 मार्च के बीच क्षेत्र में सिलसिलेवार समन्वित हमलों का दावा किया है। बीएलए के अनुसार, सशस्त्र समूह ने तीन दिनों के दौरान क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों और काफिलों को निशाना बनाते हुए कई अभियान चलाए।
पहला हमला कथित तौर पर 14 मार्च को खारान जिले के गरुक इलाके में हुआ। बीएलए ने दावा किया कि उसके लड़ाकों ने रॉकेट और अन्य भारी हथियारों का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तानी सेना के एक काफिले पर घात लगाकर हमला किया। समूह के अनुसार, हमले के दौरान कम से कम छह सैन्य वाहन क्षतिग्रस्त हुए, जिससे 14 सैनिक शहीद हो गए, जबकि दस से अधिक घायल हो गए।



समूह ने यह भी बताया कि एक दिन पहले, उसके लड़ाकों ने उसी क्षेत्र में एक सैन्य चौकी पर खाद्य सामग्री ले जा रहे एक ट्रक को रोका था। वाहन को बाद में आग लगा दी गई, जबकि चालकों को कथित तौर पर बिना किसी नुकसान के छोड़ दिया गया, जिसे बीएलए ने अपनी परिचालन नीति के अनुरूप बताया। 15 मार्च को एक और हमले की सूचना मिली, जब बीएलए लड़ाकों ने कथित तौर पर तुरबत हवाई अड्डे पर एक सैन्य अड्डे और जेट ईंधन भंडारण सुविधा को निशाना बनाया।
बयान के अनुसार, हमले में ग्रेनेड लॉन्चरों का इस्तेमाल किया गया, जिससे घटनास्थल पर बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। हालांकि, कथित नुकसान की स्वतंत्र पुष्टि तुरंत उपलब्ध नहीं थी। उसी दिन, समूह ने दावा किया कि उसकी एक शहरी गुरिल्ला इकाई ने ग्वादर जिले के जिवानी के पनवान क्षेत्र में तटरक्षक चौकी पर एक सुनियोजित हमला किया।

# बाजिस फोर्स के चीफ सुलेमानी की मौत, इजरायल का बड़ा दावा

**इजरायल**
**रक्षा मंत्री** इसराइल काट्ज ने मंगलवार को बताया कि ईरान की सुरक्षा रणनीति का नेतृत्व करने वाले और संघर्ष के दौरान तेहरान का चेहरा रहे अली लारीजानी इजरायली हमलों में मारे गए। इस घटनाक्रम से ईरानी नेतृत्व और भी कमजोर हो गया है, जिसने हमलों के पहले ही दिन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को खो दिया था। उनके उत्तराधिकारी मोजतबा खामेनेई भी कोमा में बताए जा रहे हैं और गंभीर रूप से घायल हैं। एक अन्य शीर्ष कमांडर, गुलामरेजा सुलेमानी, सोमवार रात इजरायली हवाई हमलों में मारे गए थे। ईरान ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन इजराइल की घोषणा उसी समय हुई जब लारीजानी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक हस्तलिखित संदेश पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने 4 मार्च को अमेरिकी पनडुब्बी हमले में मारे गए ईरानी नौसैनिकों को श्रद्धांजलि दी।
मोजतबा की हालत के बारे में कोई खबर न होने के कारण, 67 वर्षीय लारीजानी ईरान में वस्तुतः दूसरे नंबर के नेता थे और संक्रमणकालीन परिषद के साथ मिलकर इस संकटग्रस्त देश को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। यह घटनाक्रम लारीजानी द्वारा ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव के रूप में यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के नेटवर्क के सदस्यों द्वारा ईरान को फंसाने के लिए 9/11 जैसी घटना की "साजिश" की चेतावनी देने के एक दिन बाद आया है।



अली लारीजानी कौन थे?
लारीजानी, जिन्होंने पहले अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता का नेतृत्व किया था और खामेनेई के करीबी सहयोगी थे, को आखिरी बार 13 मार्च को तेहरान में एक रैली के दौरान देखा गया था। उनके साथ ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन भी मौजूद थे। उसी दिन बाद में अमेरिका ने लारीजानी समेत वरिष्ठ ईरानी अधिकारियों के बारे में जानकारी देने वाले को 10 मिलियन डॉलर (92 करोड़ रुपये) तक का इनाम देने की घोषणा की। लारीजानी, अयातुल्ला खामेनेई के बाद मारे जाने वाले सबसे वरिष्ठ ईरानी अधिकारी हैं। खामेनेई की हत्या 28 फरवरी को संघर्ष के पहले ही दिन कर दी गई थी। ईरानी शासन के शांत और व्यावहारिक चेहरे के रूप में गिने जाने वाले लारीजानी ने संघर्ष शुरू होने के बाद अमेरिका और इजराइल को "एक अविस्मरणीय सबक" की चेतावनी दी थी।

# एक तस्वीर से दो निशाने! इजरायल ने नेतन्याहू की फोटो जारी कर ईरान और अफवाहों को एक साथ दिया जवाब



**ईरान**
**इजरायली** प्रधानमंत्री कार्यालय ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें कथित तौर पर बेंजामिन नेतन्याहू ईरान के वरिष्ठ नेतृत्व के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का निरीक्षण करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह तस्वीर इजरायल-ईरान संघर्ष में एक तीव्र वृद्धि का संकेत देती है। तस्वीर में लिखा है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरानी शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को खत्म करने का आदेश दे रहे हैं। तस्वीर में उन्हें एक कमांडिंग सीट पर दिखाया गया है, जबकि ईरान के साथ संघर्ष जारी है और दोनों देश एक-दूसरे पर हमले कर रहे हैं।
यह पोस्ट ऑनलाइन अटकलों के बीच आई है, जिनमें अपुष्ट दावे और षड्यंत्र सिद्धांत शामिल हैं, जिनमें आरोप लगाया गया है कि नेतन्याहू ईरानी हमलों में मारे गए हैं या घायल हो गए हैं। इजरायली और स्वतंत्र तथ्य जांचकताओं ने बार-बार इन दावों को खारिज करते हुए पुष्टि की है कि प्रधानमंत्री जीवित हैं और अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इजरायली अधिकारियों ने इस तस्वीर को इस बात के सबूत के तौर पर पेश किया है कि बेंजामिन नेतन्याहू ईरान के नेतृत्व के खिलाफ लक्षित हमलों के फैसलों की सीधी निगरानी कर रहे हैं। ये हमले ईरान के सैन्य और रणनीतिक ठिकानों पर लगातार हवाई और मिसाइल हमलों से चिह्नित इजरायल और अमेरिका के बढ़ते आक्रामक रुख के मद्देनजर किए जा रहे हैं।

# कभी-कभी तो लगता है अपुन इच भगवान हैं! ट्रंप की भविष्यवाणी पर वर कर लेता यकीन तो कभी नहीं होता 9/11?

**अमेरिका**
**नेटफ्लिक्स** की वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' के गणेश गायतोंडे का किरदार तो आप सभी को याद होगा। सर्वोच्चता और अपने आप को सब कुछ मान लेने के भाव को दशार्ते हुए उसका एक डॉयलाग भी खूब फेमस हुआ था जब वो कहते हैं कि कभी-कभी लगता है, अपुन इच भगवान है। फरवरी 2025 में व्हाइट हाउस की तरफ से एक तस्वीर पोस्ट की गई थी। जिसमें डोनाल्ड ट्रंप के सिर पर सोने का मुकुट सजा होता है और चेहरे पर किसी सम्राट जैसी मुग्ध मुस्कान।



तस्वीर के कैप्शन में लिखा होता है लॉग लिव द किंग। ये तस्वीर कोई मजाक नहीं थी बल्कि इसके पहले अपने ट्रूथ सोशल पोस्ट में ट्रंप ने खुद को किंग कहा था और फिर वो उसी किरदार में जीने भी लगे। गले में है एक लाल टाई, इस्त्री किए हुए कपड़े, मंद-मंद चाल, आवेश में फैसले लेने की कुव्वत, गलती करके न मानने की मूल इंसानी स्वभाव, मुकर जाने की अदा, झूठ बोलने का हुनर, गंभीरता से कोसों दूर और खुद से मोहब्बत करने वाला 'लस्ट फॉर लाइफ' से भरा किरदार। वो जो अमेरिका को बचाना चाहता है। अमेरिकी बचना नहीं चाहते फिर भी वो कहते हैं कि मैं आपको बचाकर रहूंगा। आपको ग्रेट बनाकर ही रहूंगा। डोनाल्ड ट्रंप के बारे में दुनिया ये समझ ही नहीं पा रही है कि इसका करे क्या? ये सवेरे कुछ बोलता है।

# ईरान के सबसे ताकवर इंसान अली लारीजानी पर हमला, इजरायल के नए दावे से सनसनी



**ईरान**
**इजरायली** मीडिया ने दावा किया कि उसकी सेना ने रात भर चले हवाई हमले में ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी को निशाना बनाया है। हालांकि, टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव लारीजानी इस हमले में मारे गए या घायल हुए। इसके अलावा, ईरान ने लारीजानी पर हुए किसी भी हमले की खबरों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। ये ताजा खबरें ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव द्वारा मुस्लिम जगत को जारी एक संदेश के बाद आई हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि तेहरान अमेरिका और इजरायल के खिलाफ अपनी लड़ाई में "दृढ़" बना हुआ है। इससे पहले, लारीजानी ने ईरान पर हुए हमले के दौरान मुस्लिम बहुल देशों से समर्थन की कमी पर निराशा व्यक्त की थी।
इस बीच, कतर के दुबई और दोहा के निवासी मंगलवार को धमाकों की आवाज से जाग उठे, क्योंकि हवाई सुरक्षा बलों ने ईरान से आ रही नई मिसाइलों और ड्रोन हमलों को रोकने का प्रयास किया। वहीं, मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध में ढील के कोई संकेत नहीं दिख रहे थे। अंतरराष्ट्रीय यात्रा के प्रमुख पारगमन केंद्र दुबई में सेना ने शहर के आसपास "आने वाली मिसाइलों और ड्रोन हमलों का जवाब" देते हुए कुछ समय के लिए हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। इजरायली सेना ने मंगलवार तड़के ईरान की राजधानी में "बड़े पैमाने पर हमले" शुरू कर दिए और लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह आतंकवादियों पर भी हमले तेज कर दिए।
इजरायल ने भोर से पहले तेल अवीव और अन्य जगहों पर ईरान की ओर से दो मिसाइल हमलों की सूचना दी और कहा कि हिजबुल्लाह ने इजरायल के उत्तरी हिस्से को निशाना बनाया।

# संकट का हल सिर्फ संवाद और कूटनीति

**यूरोप**
**विदेश** मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर यूरोपीय संघ की उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कल्लास के निमंत्रण पर ब्रुसेल्स गए थे। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए जायसवाल ने कहा कि नेताओं ने संकट को समाप्त करने के लिए संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारे विदेश मंत्री ब्रुसेल्स गए थे। उन्हें यूरोपीय संघ की उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कल्लास ने यूरोपीय संघ की विदेश परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। बैठक में भारत-यूरोपीय संघ संबंधों पर चर्चा के अलावा, उन्होंने और यूरोपीय संघ के अन्य मंत्रियों, विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों ने वैश्विक चुनौतियों, विशेष रूप से पश्चिम एशिया की स्थिति, और ऊर्जा सुरक्षा पर इसके प्रभावों पर चर्चा की। मंत्रियों ने इस विशेष संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए संवाद और कूटनीति की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जयशंकर दो दिवसीय दौरे पर ब्रुसेल्स गए थे। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ब्रसेल्स का मेरा दौरा फलदायी रहा। मैंने यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की परिषद से मुलाकात की, यूरोपीय संघ परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन से मुलाकात की और यूरोपीय संघ की मानवाधिकार उपाध्यक्ष काजा कल्लास से बातचीत की। इसके अलावा, मैंने यूरोपीय संघ के समकक्षों से भी मुलाकात की और कई अन्य लोगों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय चचाएं कीं। जयशंकर ने बताया कि उन्होंने दस प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की।
उन्होंने इन बिंदुओं पर चर्चा कीः मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देना भारत-यूरोपीय संघ संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इससे न केवल इसकी अपार आर्थिक क्षमता का द्वार खुलेगा, बल्कि हमारे संबंधों की रणनीतिक प्रकृति भी स्पष्ट होगी। जमीनी स्तर पर एफटीए के लाभों को साकार करने के लिए, दोनों पक्षों को व्यापार और निवेश प्रोत्साहन सहित व्यावहारिक गतिविधियों में एक-दूसरे की सक्रिय रूप से सहायता करनी चाहिए। व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) को उन्नत और पुनर्गठित किया जा सकता है ताकि महत्वपूर्ण और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में सहयोग को सुगम बनाया जा सके।



अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा